सर्व शिक्षा अभियान

परिप्रेक्ष्य योजना

(2002 – 2007)



जनपद - बागपत

अनुक्रमणिका

जनपद बागपत

क्र0सं0	अध्याय	पृष्ठ संख्या
1	जिले की पृष्ठ भूमि	1 - 7
2	शैक्षिक परिदृश्य	8 - 30
3	नियोजन प्रक्रिया	31 - 48
4	सर्व शिक्षा अभियान	49 - 55
5	समस्याऐं एवं रणनीतियां	56 - 61
6	शिक्षा की पहुंच का विस्तार(नवीन विद्यालय)	62 - 68
7	शिक्षा की पहुंच का विस्तार (ई0जी0एस0/ए0आई0ई0)	69 - 93
8	ठहराव में वृद्धि	94 - 136
9	प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक उन्नयन	137 - 190
10	परियोजन प्रबन्ध एवं अनुश्रवण	191 - 203
11	परियोजना लागत	
12	वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट	

अध्याय–1

जनपद की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि

जनपद बागपत एक नव सृजित जनपद है जिसका सृजन पूर्व जनपद मेरठ से अलग होने पर दिसम्बर 1997 को हुआ । जनपद बागपत को पूरब में हिन्डन नदी मेरठ से अलग करती हैं । जनपद बागपत हिन्डन और यमुना नदी के दोआब में स्थित है । जनपद का भैगौलिक क्षेत्रफल 1246.6 वर्ग किलोमीटर है।

जनपद में कुल तीन तहसील, 6 विकास खण्ड हैं, 46 न्यायपंचायतें व 237 ग्राम सभाऐं तथा 287 ग्राम हैं। जनपद की कुल जनसंख्या 2001 की जनगणना के अनुसार अनुमानित 1160394 है जिनमें 627886 पुरुष और 532508 महिलायें हैं।

जनपद बागपत उत्तर में जनपद मुजफ्फरनगर,पूरब में जनपद मेरठ, दक्षिण में जनपद गाजियाबाद तथा पश्चिम में जनपद सोनीपत(हरियाणा प्रदेश) की सीमाओं से घिरा हुआ है । जनपद बागपत भारत की राजधानी दिल्ली से मात्र 30 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर दिशा की ओर है।

देश की आजादी की क्रान्ति का शंखनाद करने वाले बाबा शाहमल की त्यागमयी व बलिदानी भूमि से अनेक शौर्य गाथाऐं जुडी है । धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का धनी समूचा बागपत जनपद किसी तीर्थस्थली से कम नहीं है। पावन तीर्थ पुरामहादेव से करोडों हिन्दुओं की भावनाऐं जुडी हैं। हिन्डन नदी के किनारे एक टीले पर शिव मन्दिर है जिसकी स्थापना किवंदती हे कि भगवान परशुराम ने की थी। खेकडा कस्बे से 6 कि0मी0 की दूरी पर स्थित बडा गांव दिगम्बर जैन समाज का महत्वपूर्ण स्थान है यहां पर भगवान पार्श्वनाथ की पौराणिक प्रतिमा की भव्यता की छटा निराली है। धार्मिक संस्कृति की दृष्टि से बालैनी गांव का अतीत भी कम गौरवमयी नहीं है इसी स्थली पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम की पत्नी सीताजी ने अपने वनवास का अवधि प्रवास किया, यही लव और कुश की जन्मस्थली भी है। सूर्य पुत्री यमुना नदी के पूर्वी

किनारे पर स्थित बागपत का पौराणिक नाम वकरथल था। कहा जाता है कि महाभारत में पांडवों द्वारा मांगे गये पांच गांवों में वकरथल भी एक था । बागपत में ही यमुना नदी के किनारे स्थित पक्का घाट का भी श्रद्धालुओं की भक्ति से जुड़ाव है। दिल्ली सहारनपुर मार्ग पर संरुरपुर गांव के समीप गुफावाले बाबा का ऐतिहासिक मन्दिर है। बिनौली के पूर्वी भाग को लश्कर के नाम से जाना जाता है जहां मुगलों की सेना (लश्कर) का पडाव होता था। दिगम्बर जैन समाज का अतिशय क्षेत्र बरनावा भक्ति का अटूट केन्द्र है। बरनावा का पौराणिक नाम वर्णाव्रत है जिसका उल्लेख महाभारत में है यहीं पांडवों को मारने के लिए दुर्योधन ने साजिश के तहत लाक्षाग्रह बनवाया । बडौत छपरौली मार्ग पर स्थित मलकपुर गांव में दिगम्बर जैन अतिशय मन्दिर तथा कुन्ती नगर (कोताना) समेत धार्मिक एवं ऐतिहासिक संस्कृति बागपत जनपद के अनेक स्थानों का गौरवशाली अतीत है। भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौ0चरण सिंह की कर्मस्थली भी रहा है।

जनपद बागपत में अधिकांश व्यक्तियों का पेशा कृषि है। यहां की मुख्य फसलें गन्ना,गेहूं व धान हैं। जनपद में तीन चीनी मील, खंडसारी उद्योग भी प्रगुरा हैं। जनपद में पशुचालित वाहन रिम धुरें आदि भी बनते हैं जनपद में ईंट,भट्टों की भी बहुतायत है। यहां की ईंटें प्रमुख रूप से दिल्ली तथा आसपास के क्षेत्रों में जाती है । जनपद बड़ौत का शाही आम अपनी विश्वप्रसिद्ध किस्म रटौल के लिए विख्यात है। आम के साथ–साथ यहां पर अंगूर व आडू की खेती भी प्रमुख है।

जनपद में दर्शनीय स्थल भी प्रमुख हैं जिसमें पुरामहादेव का मन्दिर, महर्षि बालमिकी मन्दिर बालैनी, महाभारत में वर्णित लाक्षाग्रह बरनावा में स्थित है। बड़ागांव(खेकडा) में एतिहासिक जैन मन्दिर भी प्रसिद्ध है।

जनपद बागपत में तीन तहसील हैं जिनके नाम बागपत, बडौत व खेकडा हैं। जनपद में 6 विकास खण्ड हैं जिनके नाम बागपत,बडौत,बिनौली, पिलाना खेकडा द छपरौली है। जनपद में कुल 46 न्यायपंचायत व 237 ग्राम सभाऐं हैं । इन ग्राम सभाओं के अन्तर्गत कुल 287 ग्राम हैं। जनपद में दो नगरपालिका बडौत और बागपत हैं इसमें 8 टाउन एरिया हैं जो छपरौली, टीकरी, दोघट,बडौत,बागपत,टटीरी,अमीनगरसराय तथा खेकडा हैं यहां कुल वार्डों की संख्या 486 हैं।

जनपद की प्रशासनिक इकाईयां

तालिका–1.1

क0सं0	ग्रामीण क्षेत्र	संख्या
1	तहसील	03
2	विकास खण्ड	06
3	न्यायपंचायत	46
4	ग्राम सभाऐं	237
5	राजस्व ग्राम	287
6	बस्तियों की सं0	287
	नगर निगम	–
	नगरपालिका	02
	नगरमहापालिका	–
	टाउन एरिया	08
	वार्ड	486

स्रोत –सांख्यकीय पत्रिका जनपद बागपत वर्ष 1999

बागपत की वर्ष 2001 की अनुमानित जनसंख्या 1160394 है जिसमें 627886 पुरुष तथा 532508 महिलायें हैं जनपद की 1991–2001 की दशकीय वृद्धि दर 13 प्रति0 है जनपद में पुरुष–महिलाओं का लिंग अनुपात 100:848 है जनपद का जनसंख्या घनत्व 930 व्यक्ति प्रति कि0मी0 है बागपत में अनुसूचित जाति के पुरुषों की जनसंख्या 79917 तथा अनुसूचित महलिाओं की जनसंख्या 69238 है इस प्रकार अनुसूचित जाति की कुल जनसंख्या 149155 है जो कुल जनसंख्या का 12.8 प्रतिशत है अल्प संख्यकों की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 29.4 प्रतिशत है बागपत में नगरीय जनसंख्या कुल जनसंख्या का 19.7 प्रतिशत है बागपत में 80.3 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है

जनपद की जनसंख्या

तालिका–1.2

2001 के अनुसार अनुमानित	पुरुष–627886
	महिला–532508
	योग– 11,60,394
वृद्धि दर	13 प्रतिशत (1991–2001)
लिंग अनुपात	1000 पुरुषों पर 848 महिलाऐं
जनसंख्या घनत्व	930 व्यक्ति प्रति वर्गकिलोमीटर
अनुसूचित जाति	पुरुष– 79917
	महिला –69238
	योग–149155
अल्प संख्यक वर्ग	29.4 प्रतिशत

नगरीय जनसंख्या	19.7 प्रतिशत
ग्रामीण जनसंख्या	80.3 प्रतिशत

स्रोत– साहित्य पब्लिकेशन आगरा द्वारा प्रकाशित पुस्तक जनसंख्या 2001

बागपत में कुल 6 विकास खण्ड है इन विकास खण्डों में जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बडा विकास खण्ड बडौत है जिसकी जनसंख्या 201399 हे दूसरे स्थान पर जनसंख्या की दृष्टि से विकास खण्ड बिनौली है जिसकी जनसंख्या 186419 है विकास खण्ड पिलाना की जनसंख्या 144288 है जो जनपद में इस दृष्टि से तीसरे स्थान पर है विकास खण्ड बागपत की जनसंख्या 142388 है जो इस दृष्टि से चौथे स्थान पर है विकास खण्ड छपरौली का स्थान पांचवा है तथा इसकी जनसंख्या 130922 है विकास खण्ड खेकडा जनपद का सबसे छोटा विकास खण्ड है जिसकी जनसंख्या 126197 है।

विकास बिनौली में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 23276 है जो जनपद में सर्वाधिक है विकास खण्ड बडौत में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 23076 है जो इस दृष्टि से दूसरे स्थान पर है विकास खण्ड पिलाना में 20924 अनुसूचित जाति जनसंख्या लेकर तृतीय स्थान पर है विकास खण्ड खेकडा में अनुसूचित जाति जनसंख्या 19406 है जो चौथे स्थान पर है विकास खण्ड बागपत अनुसूचित जाति जनसंख्या 16300 लेकर पांचवे स्थान पर है विकास खण्ड छपरौली में अनुसूचित जाति जनसंख्या 12879 है जो जनपद में सबसे कम अनुसूचित जाति जनसंख्या वाला विकास खण्ड है।

जनपद में 8 टाउन एरिया है इनमें जनसंख्या की दृष्टि से नगर क्षेत्र बडौत सबसे बडा है जिसकी जनसंख्या 85511 है जनपद में अमीनगरसराय टाउन एरिया जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटा है जिसकी जनसंख्या 10080 है। राज्य साक्षरता दर प्रतिशत की तुलना में जनपद बागपत उत्तर प्रदेश में 40 वें स्थान पर है

विकास खण्डवार/नगर क्षेत्रवार जनसंख्या

तालिका–1.3

क0 सं0	विकास खण्ड का नाम	जनसंख्या 2001					
		कुल जनसंख्या			अनु0 जा0 की जनसंख्या		
		पुरुष	महिला	योग	पुरुष	महिला	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	बड़ौत	109720	91679	201399	12607	10469	23076
2	छपरौली	70995	59927	130922	7085	5794	12879
3	बिनौली	101285	85134	186419	12711	10565	23276
4	बागपत	77110	65278	142388	7742	8558	16300
5	खेकडा	68653	57544	126197	10614	8792	19406
6	पिलाना	77619	66669	144288	11611	9313	20924
	योग	505382	42623	931613	62370	53491	115861
	नगरक्षेत्र का नाम						
1	छपरौली	9628	8054	17682	1375	1193	2568
2	टीकरी	7258	6082	13340	1082	901	1983
3	दोघट	7000	6115	13115	1000	906	1906

4	बडौत	45666	39845	85511	6525	5905	12430
5	बागपत	19297	17167	36464	2757	2541	5301
6	टटीरी	6503	5980	12483	929	886	1815
7	अमीनगर सराय	5298	4782	10080	757	708	1465
8	खेकडा	21854	18252	40106	3122	2704	5826
	योग	122504	106277	228781	17547	15747	33294
	महायोग	627886	532508	1160394	79917	69238	149155

अध्याय–2

शैक्षिक परिदृश्य

जनपद बागपत में मार्च 2001 से जिला प्रशासनिक शिक्षा कार्यक्रम (डी0पी0ई0पी0–।।।) का शुभारम्भ हुआ है जिसके अन्तर्गत शिक्षा की पहुंच का विस्तार, ठहराव,गुणवत्ता में वृद्धि तथा प्रबन्ध क्षमता में विकास के विशिष्ट उददेश्य रखे गये हैं। जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम का प्रथम वर्ष पूर्ण हो चुका है जिसमें 4 नवीन विद्यालयों 40 जर्जर भवनों का पुर्ननिर्माण 46 न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों का निर्माण 200 प्राथमिक विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण, 6 ब्लाक संसाधन केन्द्रों का निर्माण तथा 228 अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण कराया जा चुका है जिससे शैक्षिक प्रगति की गति तेज करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रमान्तर्गत सभी वर्गों का शत प्रतिशत नामांकन,ठहराव,गुणवत्ता में समुचित वृद्धि का लक्ष्य रखा गया हैं। जैसा कि विदित है जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम मात्र कक्षा–1 से कक्षा–5 तक के सभी बच्चों को शिक्षित करने के उददेश्य से आरम्भ किया गया है। जबकि सर्व शिक्षा अभियान का उददेश्य कक्षा–1 से कक्षा–8 तक के सभी बच्चों को शिक्षित करना है। तदनुसार जनपद में अप्रेल 2002 से सर्व शिक्षा अभियान का क्रियान्वयन प्रस्तावित है।

जनपद बागपत में 1991 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण पुरुषों की साक्षरता का प्रतिशत 62.5 था जबकि ग्रामीण महिलाओं का साक्षरता प्रतिशत 28 था इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र का कुल साक्षरता प्रतिशत 47 था।

नगरक्षेत्र में पुरुषों की साक्षरता दर का प्रतिशत 70.6 तथा नगरीय महिलाओं का साक्षरता प्रतिशत 44.1 था इस प्रकार कुल नगरीय साक्षरता 58.4 थी नगर और ग्रामीण क्षेत्र को मिलाकर जनपद में पुरुषों की साक्षरता दर 63.9 तथा महिला साक्षरता दर 31 प्रतिशत थी जनपद की कुल साक्षरता दर 49 प्रतिशत थी।

वर्ष 1991 की जनगणनानुसार जनपद की साक्षरता दर

तालिका–2.1

ग्रामीण पुरुष	62.5 प्रति0
ग्रामीण महिला	28.0 प्रति0
कुल	47.0 प्रति0
नगरीय पुरुष	70.6 प्रति0
नगरीय महिला	44.1 प्रति0
कुल	58.4 प्रति0
जनपद के पुरुष	63.9 प्रति0
जनपद की महिला	31.0 प्रति0
कुल साक्षरता दर	49.0 प्रति0

स्रोत–जनपद की सांख्यिकी पत्रिका 1999

जनपद की कुल साक्षरता दर वर्ष 2001 के अनुसार 46.7 प्रतिशत है जिसमें ग्रामीण साक्षरता 53.44 तथा नगरीय साक्षरता 58.54 प्रतिशत है नगर व ग्रामीण क्षेत्र को मिला कर कुल पुरुष साक्षरता दर 50.88 तथा महिला साक्षरता दर 41.83 प्रतिशत है जनपद में अनुसूचित जाति के पुरुषों की साक्षरता दर 43.38 तथा महिलाओं की साक्षरता दर 31.74 है कुल अनुसूचित जाति का साक्षरता दर 37.56 प्रतिशत है ।

वर्ष 2001 की जनगणना के आधार पर साक्षरता दर

तालिका--2.2

जनपद की साक्षरता दर (जनगणना 2001)		दर
कुल साक्षरता		46.73 प्रति0
ग्रामीण साक्षरता		53.44 प्रति0
नगरीय साक्षरता		58.54 प्रति0
कुल पुरुष साक्षरता		50.88 प्रति0
कुल महिला साक्षरता		41.83 प्रति0
अनुसूचित जाति साक्षरता	पुरुष	43.38 प्रति0
	महिला	31.74 प्रति0
	कुल	37.56 प्रति0
ग्रामीण पुरुष साक्षरता		64.93 प्रति0
ग्रामीण महिला साक्षरता		39.82 प्रति0
नगरीय पुरुष साक्षरता		66.40 प्रति0
नगरीय महिला साक्षरता		49.49 प्रति0

विकास खण्डवार साक्षरता दर वर्ष 2001 तालिका–2.3

क0 स0	विकास खण्ड	साक्षरता दर (प्रतिशत में)			अनुसूचित जाति (प्रतिशत में)		
		पुरुष	महिला	योग	पुरुष	महिला	योग
1	बड़ौत	63.45	37.99	50.72	42.52	29.45	35.98
2	छपरौली	61.20	32.55	46.87	40.24	27.55	33.89
3	बिनौली	61.42	34.45	47.93	41.45	28.72	35.08
4	बागपत	66.43	42.40	54.41	42.12	30.78	36.45
5	खेकड़ा	66.47	41.95	54.21	41.54	30.23	35.88
6	पिलाना	63.23	40.24	51.73	40.78	29.76	35.27

नगर क्षेत्रवार साक्षरता तालिका–2.4

क0 स0	नगरक्षेत्र का नाम	साक्षरता दर (प्रतिशत में)			अनुसूचित जाति (प्रतिशत में)		
		पुरुष	महिला	योग	पुरुष	महिला	योग
1	छपरौली	65.25	48.23	56.74	45.00	30.2	37.6
2	टीकरी	62.78	45.46	54.12	47.28	30.47	38.87
3	दोघट	63.76	44.37	54.06	44.34	31.23	37.78
4	बड़ात	64.74	47.48	56.11	47.24	32.73	39.98

5	बागपत	63.47	46.27	54.87	46.28	31.24	38.76
6	टटीरी	64.75	47.34	56.04	47.38	30.45	38.91
7	अमीनगर सराय	61.76	45.73	53.74	46.54	31.23	38.88
8	खेकडा	63.78	44.27	54.025	45.23	30.46	37.84

जनपद में ग्रामीण व नगर क्षेत्र दोनों को मिलाकर कुल 454 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 200 मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय है इस प्रकार जनप्द में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 654 है माध्यमिक विद्यालयों से सम्बद्व प्राईमरी अनुभागों की संख्या तीन है जनपद में परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या ग्रामीण व नगर क्षेत्र मिलाकर 75 है मान्यता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 76 है माध्यमिक विद्यालयों से सम्बद्व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 50 है इस प्रकार जनपद में कुल उच्च प्राथमिक विद्यालयों (परिषदीय, मान्यता प्राप्त, माध्यमिक विद्यालयों से सम्बद्व) की संख्या 201 है

जनपद में नवोदय विद्यालय ग्राम सार्फाबाद विकास खण्ड खेकड़ा में स्थित है जनपद में 14 हाई स्कूल 62 [illegible] कालिज 6 डिग्री कालिज तीन स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा चार तकनीकी संस्थान हैं जनपद में मान्यता प्राप्त <u>मक्तव/मदरसों</u> की संख्या 56 तथा गैर मान्यता प्राप्त <u>मक्तव/मदरसों</u> की संख्या 18 है जनपद में वर्तमान में चार संस्कृत पाठशालाऐं भी संचालित हैं जनपद में 73 वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र 57 विद्या केन्द्र हैं बागपत में एक फार्मेसी कालिज भी है। बडौत नगर क्षेत्र में डायट की स्थापना भी हो चुकी है जिसका भवन निर्माण चल रहा है।

शैक्षिक संस्थाए

तालिका–2.5

क्र0स0		परिषदीय/शासकीय			मान्यता प्राप्त			कुल			गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय		
		ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग
		1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	प्राथमिक विद्यालय	434	36	470	131	69	200	549	105	654	10	31	41
2	माध्यमिक विद्यालय से सम्बद्ध प्राईमरी अनुभाग	2	1	3	5	4	9	7	5	12	–	–	–
3	उच्च प्राथमिक विद्यालय	105	8	113	43	33	76	110	41	151	2	6	8
4	माध्यमिक विद्यालय से सम्बद्ध उच्च प्राथमिकअनु0	–	–	–	35	15	50	35	15	50	–	–	–
5	केन्द्रीय विद्यालय	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
6	नवोदय विद्यालय	1	–	1	–	–	–	–	–	–	–	–	–
7	हाई स्कूल	–	–	–	12	2	14	12	2	14	–	–	–
8	इण्टरमीडिएट	–	–	–	44	18	62	44	18	62	–	–	–
9	डिग्री कालेज			–	2	7	9	2	7	9			–
10	स्नाकोत्तर महाविद्यालय	–	–	–	–	3	3	–	3	3	–	–	–
11	विश्वविद्यालय	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
12	तकनीकी सस्थान (आई0टी0आई0/पालीटेकनिक)	–	–	–	1	3	4	1	3	4	–	–	–
13	कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थऐं	–	–	–	–	2	2	–	2	2	–	4	4
14	आगनवाडी केन्द्रो की संख्या	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
15	मकतब /मदरसे	–	–	–	40	16	56	40	16	56	–	18	18

16	सस्कृत पाठशालाये	–	–	–	4	–	4	4	–	4	–	–	–
17	विकलांग बच्चों की शिक्षा हेतु संस्थाऐ	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
18	बालश्रमिक विद्यालय	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
19	वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र	68	5	73	–	–	–	28	5	33	–	–	–
20	विद्याकेन्द्र	57	–	57	–	–	–	–	–	–	–	–	–
21	डायट	–	1	1	–	–	–	–	–	–	–	–	–
22	फार्मेसी कालेज	–	1	1	–	–	–	–	–	–	–	–	–

जनपद में प्राथमिक शिक्षकों के सृजित पद 1845 हैं इन पदों के सापेक्ष वर्तमान में कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों की संख्या 1667 है वर्ष 2000–2001 में 15 शिक्षा मित्र विद्यालयों में कार्ययोजित किये जा चुके हे वर्ष 2001–2002 में 170 तथा 2003–2004 में 11 शिक्षा मित्र । इस प्रकार कुल स्वीकृत शिक्षा मित्रों की संख्या 196 है इनमें से 185 विद्यालयों में कार्ययोजित हैं तथा 11 शिक्षा मित्र विद्यालयों के संचालन के बाद कार्ययोजित किये जायेंगे।

जनपद में परिषदीय उच्च प्राथमिक शिक्षकों के सृजित पद 370 हैं इनके सापेक्ष वर्तमान में 285 अध्यापक कार्यरत हैं 85 अध्यापकों की रिक्तता को अगले वर्ष में समायोजित करते हुए भरा जायेगा

शिक्षकों की उपलब्धता (परिषदीय विद्यालय) तालिका–2.6

	सृजित	कार्यरत	रिक्त ३०·९·०३	स्वीकृत शिक्षा मित्रों की संख्या
परिषदीय प्राथमिक विद्यालय	1845	1667	178	196
परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय	370	285	85	–

कुल ग्रामों की संख्या तथा राज्य सरकार के मानक के अनुसार असेवित ग्रामों की संख्या (प्राथमिक व उच्च प्राथमिक) कुल बस्तियों की संख्या राज्य सरकार के मानक के अनुसार असेवित बस्तियों की संख्या,(प्राथमिक व उच्च प्राथमिक) परिषदीय अथवा मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों की उपलब्धता।

जनपद बागपत में ग्रामों की संख्या 287 है कराये गये सर्वेक्षण के आधार पर 300 से अधिक आबादी वाले 273 ग्रामों में एक किलो मीटर से कम दूरी पर प्राथमिक विद्यालयों की सुविधा उपलब्ध है 300 से अधिक आवादी वाले 14 ग्राम ऐसे है जहां पर बच्चों को एक किलो मीटर से अधिक चलने पर प्राथमिक विद्यालय की सुविधा उपलब्ध है इन ग्रामों / मजरों (बडी जनसंख्या के गांव) में प्राथमिक विद्यायों की सुविधा की आवश्यकता होगी 300 से कम आबादी वाली एक बस्ती ऐसी है जहां पर भी बच्चों को प्रथमिक विद्यालय के लिए एक किलो मीटर से अधिक जाना पडता है । जनपद में सभी बस्तियां प्राथमिक विद्यालयों से सेवित हैं वर्ष 2003–2004के स्वीकृत 11 प्राथमिक विद्यालय संचालित होने के बाद सभी बस्तियां शत प्रतिशत सेवित हो जायेंगी।

परिषदीय अथवा मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों की उपलब्धता तालिका–2.7

	1 किलोमीटर से कम दूरी पर विद्यालय उपलब्ध	1 कि0मी0 से अधिक किन्तु 1.5 कि0मी0 से कम दूरी पर विद्यालय उपलब्ध	1.5 कि0मी0 से अधिक दूरी पर विधालय उपलब्ध
ऐसी बस्तियों की संख्या जिसकी आबादी 300 से अधिक है	273	14	–
ऐसी बस्तियों की संख्या जिसकी आबादी 300 से कम है	–	01	–
6 खानों की कुल बस्तियों की संख्या			287

जनपद में 252 ग्राम ऐसे है जिनकी आबादी 800 से अधिक है इन गांवों में उच्च प्रथमिक विद्यालयों की सुविधा 3किलो मीटर से कम पर उपलब्ध है । 34 गांव ऐसे है जिनकी आबादी 800 से अधिक है इन गांवों के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय 3 किलो मीटर से अधिक दूरी पर उपलब्ध हैं एक गांव ऐसा है जिसकी आबादी 800 से कम हे तथा यहां भी उच्च प्राथमिक विद्यालय की सुविधा 3 किलो मीटर से अधिक दूरी पर उपलब्ध है जनपद में वर्ष 2003–2004 में सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत 25 उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है स्थल चयन की कार्यवाही चल रही है इन विद्यालयों के संचालित हो जाने के बाद जनपद की सभी 287 बस्तियां उच्च प्राथमिक विद्यालयों से सेवित हो जायेंगी इसलिए नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय की मांग नहीं की गयी।

परिषदीय अथवा मान्यता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों की उपलब्धता

तालिका–2.8

	3 कि0मी0 से कम दूरी पर परिषदीय मान्यता प्राप्त उच्च प्रा0वि0 उपलब्ध	3 कि0मी0 से अधिक दूरी पर परिषदीय उच्च प्रा0वि0 उपलब्ध	उच्च प्रा0 तथा प्रा0वि0 अनुपात 1:2 करने हेतु आवश्यक अतिरिक्त उच्च प्रा0वि0 की सख्या
ऐसी बस्तियों की संख्या जिसकी आबादी 800 से अधिक है	252	34	–
ऐसी बस्तियों की संख्या जिसकी आबादी 800 से कम है	–	01	–

जनपद बागपत में 6–11 वयवर्ग के बच्चों की कुल संख्या 179008 है इन बच्चें में से 82212 बच्चे परिषदीय विद्यालयों में नामांकित हैं तथा 55702 बच्चे मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकित है तथा गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 39963 बच्चे नामांकित है इस प्रकार कुल 175202 बच्चे नामांकित हैं बालगणना के अनुसार 3806 बच्चे विद्यालय से बाहर हैं इन बच्चों को विद्यालय में लाया जायेगा बालक बालिका का नामांकन अनुपात 1:31:1 है

छात्र नामांकन

प्राथमिक स्तर

तालिका–2.9

6–11 आयु वर्ग में बच्चों की संख्या			नामांकन														
			परिषदीय			मान्यता प्राप्त			गैर मान्यता प्राप्त अनुमानित			योग			नामांकन अनुपात		
बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	
16126	77748	179008	41187	38350	82212	35492	20210	55702	22581	17382	39963	99261	75941	175202	1.31	1	

जनपद की 11–14 वयवर्ग की संख्या 86077 है इसमें 48195 बालक तथा 37882 बालिकायें हैं परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 4007 बालक 2834 बालिका नामांकित है मान्यता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 29010 बालक, 21005 बालिका, कुल 50015 पंजीकृत है गैर मान्यता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 15078 बालक , 13943 बालिका, कुल 29021 पंजीकृत है इस प्रकार सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 85877 बच्चे पंजीकृत हैं जनपद में बालक/बालिका नामांकन अनुपात 1.27:1 है। हा0स्कूल/इण्टर कालिजों की उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या भी इसमें सम्मिलित है।

उच्च प्राथमिक स्तर

(राजकीय हाई स्कूल/इण्टरमीडिएट के साथ सम्बद्ध 6–8 को भी सम्मिलित करें)

तालिका–2.10

11–14 आयु वर्ग में बच्चों की संख्या			नामांकन														
			परिषदीय			मान्यता प्राप्त			गैर मान्यता प्राप्त अनुमानित			योग			नामांकन अनुपात		
बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
48195	37882	86077	4007	2834	6841	29010	21005	50015	15078	13943	29021	48095	37782	85877	1.27	1	1.27:1

तालिका–2.11

जनपद का शुद्ध नामांकन अनुपात प्राथमिक स्तर			अनुसूचित जाति		
बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
99261	75941	175202	17548	14010	31558

जनपद के प्राथमिक स्तर के बालकों की शालात्याग दर 20.24 तथा बालिकाओं की ड्राप आउट दर 27.12 है कुल मिलाकर यह दर 23.68 है अनुसूचित जाति के बालकों की ड्राप आउट दर 26.48 तथा बालिकाओं की दर 31.87 है कुल मिलाकर अनुसूचित जाति की दर 29.17 है। तुल्नात्मक रुप में शालात्याग दर में कमी आयी है।

तालिका–2.12

जनपद का ड्राप आउट दर प्राथमिक स्तर			अनुसूचित जाति		
बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
20.24	27.12	23.68	26.48	31.87	29.17

जनपद में प्राथमिक स्तर पर , 2 कक्षीय विद्यालयों की संख्या 151, 3 कक्षीय विद्यालयें की संख्या 180, चार कक्षीय विद्यालयों की संख्या 75, पांच कक्षीय विद्यालयें की संख्या 43 तथा पांच से अधिक कक्षीय विद्यालयों की संख्या 25 है जनपद में बढती गयी छात्र संख्या के अनुसार उनके बैठने के लिए अतिरिक्त कक्षा–कक्षों की आवश्यकता होगी

जनपद में प्राथमिक स्तरपर लघु मरम्मत 115 तथा वृहत मरम्मत हेतु 84 विद्यालय हैं प्राथमिक विद्यालयों के लिये 150 शौचालयों की आवश्यकता होगी पेयजल हेतु 30 हैन्ड पम्प विद्यालयों में लगवाये जायें 252 विद्यालयों में प्राथमिक स्तर पर चाहर दीवारी की आवश्यकता है

उच्च प्राथमिक स्तर पर सभी 75 विद्यालय भवनयुक्त हैं उच्च प्राथमिक स्तर पर 20 विद्यालयों की लघु मरम्मत तथा 7 विद्यालयों की वृहत मरम्मत की आवश्यकता है । दो कक्षीय विद्यालयों की संख्या 1, तीन कक्षीय विद्यालयों की संख्या 68, चार कक्षीय विद्यालयों की संख्या 34, पांच कक्षीय विद्यालयों की संख्या 10, पांच से अधिक कक्ष वाले विद्यालयों की संख्या 3 है उच्च प्राथमिक स्तर पर 62 विद्यालयों में शौचालय, 15 विद्यालयों में हैन्ड पम्प, तथा 19 विद्यालयों में चाहर दीवारी की आवश्यकता होगी।

सन 2001 की जनगणना के आधार पर गांववार विस्तृत आकड़ें प्राप्त नही हुए है। **आंकड़ें प्राप्त होने पर** आवश्यकता के अनुसार ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों (यथा वार्ड, टाउन **एरिया, नगर पालिका** एवं नगर महापालिकाओं) में एवं जनसंख्या वृद्धि के कारण आगामी वर्षो **में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमि**क विद्यालयों का प्राविधान वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में किया **जायेगा।**

विद्यालयों में भौतिक सुविधाएं(परिषदीय विद्यालय 30 सितम्बर 2003 की स्थिति)

तालिका–2.13

क0 सं0	प्राथमिक स्तर	ग्रामीण	नगर	योग
1	प्राथमिक विद्यालय भवन	विकास खण्ड क्षेत्रवार	नगर क्षेत्रवार	योग
2	एक कक्षीय विद्यालयों की संख्या	–	–	–
	दो कक्षीय वि0 की सं0	151	–	151
	तीन कक्षीय वि0 की सं0	152	08	160
	चार कक्षीय वि0 की सं0	69	06	75
	पांच कक्षीय वि0 की सं0	43	–	43
	5 कक्ष से अधिक वाले विद्यालय	25	–	25
3	मरम्मत योग्य विद्यालय	लघु मरम्मत योग्य–115	वृहत मरम्मत योग्य–84	
4	शौचालय	शौचालय युक्त 324 विद्यालय	शौचालय विहीन वि0–150	शौचालय की आवश्यकता–150
5	हैण्डपम्प	हैण्डपम्पयुक्त –444	हैण्डपम्प विहीन–30	हैण्डपम्प की–30 आवश्यकता
6	चाहर दीवारी	चाहर दीवारी युक्त–202	चाहर दीवारी विहीन–252	चाहर दीवारी की आवश्यकता–252

उच्च प्राथमिक स्तर				
7	उच्च प्रा0वि0 भवन	कुल वि0की सं0–75	भवनयुक्त–75	जर्जर (पुर्ननिर्माण योग्य) –20
8	मरम्मत योग्य		लघु मरम्मत–20	वृहत मरम्मत–7
9	एक कक्षीय विद्यालय			
	दो कक्षीय विद्यालय	01		
	तीन कक्षीय विद्यालय	68		
	चार कक्षीय विद्यालय	34		
	पांच कक्षीय विद्यालय	10		
	5 से अधिक कक्ष वाले विद्यालय	03 योग–116		
10	शौचालय	शौचालय युक्त– 54	शौचालय विहीन–62	आवश्यकता–62
11	हैण्डपम्प	है0युक्त–101	है0विहीन–15	आवश्यकता–15
12	चाहर दीवारी	युक्त–56	विहीन–19	आवश्यकता–19

जनपद की सभी 287 बस्तियां प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों से वर्ष 2003–2004 में सेवित हो जायेंगे । इस लिए सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किसी भी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय की मांग नहीं की गयी है।

जर्जर प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय विवरण

विद्यालय प्रकार	बागपत	बड़ौत	बिनौली	छपरौली	खेकड़ा	पिलाना	योग
प्राथमिक	8	10	10	7	6	4	45
उच्च प्राथमिक	2	3	4	4	4	3	20

वर्तमान में भौतिक सुविधाओं की कमी/आवश्यकता तालिका–2.14

क0	आइटम/सुविधा का	प्राथमिक			उच्च प्राथमिक		
स0	नाम	कमी	डी0पी0ई0पी0 I I I/ I I वित्त आयोग में प्रावधान जिलायोजना/अन्य स्रोत	मांग	कमी	डी0पी0ई0पी0 I I I/ I I वित्त आयोग में प्रावधान जिलायोजना/अन्य स्रोत	मांग
1	नवीन विद्यालय	–	20	–	–	41	–
2	विद्यालय पुर्ननिर्माण	105	60	45	20	–	20
3	अतिरिक्त कक्षा–कक्ष (प्रति शिक्षक/प्रति कक्षा–कक्ष एवं नामांकन में वृद्धि के आधार पर)	727	577	150	84	69	15
4	पेयजल सुविधा	130	100	30	34	19	15
5	शौचालय	450	300	150	76	14	62
6	चाहर दीवारी		–			–	

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शैक्षिक आंकडे व इंडीकेटरर्स

ई0एम0आई0एस0 से प्राप्त आकडों के अनुसार 2000–2001,2001–2002,2002–2003 की स्थिति

प्राथमिक स्तर तालिका–2.15

क0स0	कक्षा–1	कक्षा–2	कक्षा–3	कक्षा–4	कक्षा–5	योग
1	28163	17503	13456	11134	10100	80536
2	35649	22402	17909	14736	14422	105120
3	23718	18396	14597	12280	9115	78116

जनपद में ई0एम0आई0एस0 आंकडों के अनुसार कक्षा–1 से कक्षा–5 तक का नामांकन (मान्यता प्राप्त प्रा0वि0 सहित) 78116 है

तालिका–2.16

क0स0	विवरण	अनुपात
1	छात्र अध्यापक अनुपात	46:1
2	जी0ई0आर0	बालक–70 बालिका–62 योग–66
3	नामांकन अनुपात(छात्र/छात्रा)	1.2:1
4	एकल अध्यापकीय विद्यालय (प्रतिशत)	–

जनपद मे प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों का छात्र अध्यापक अनुपात 46:1 रहा बालकों का जी0ई0आर0 70 प्रतिशत तथा बालिकाओं का 62 प्रतिशत रहा कुल मिलाकर जी0ई0आर0 66 रहा छात्र/छात्राओं का अनुपात 1.2:1 था जनपद में एकल अध्यापकीय विद्यालयों का प्रतिशत शून्य रहा

प्राथमिक स्तर नामांकन

तालिका–2.17

क0स0	वर्ष 1999–2000			वर्ष 2000–2001			वर्ष 2001–2002		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
1	41753	33389	75142	42187	33557	75744	40159	36844	77003

क0स0	वर्ष 2002–2003		
	बालक	बालिका	योग
2	42568	37618	80186

वृद्धि प्रतिशत

तालिका–2.18

क0स0	वर्ष 2000–2001में वृद्धि प्रतिशत	वर्ष 2001–2002में वृद्धि प्रतिशत	वर्ष 2002–2003में वृद्धि प्रति0
1	0.79	1.63	3.96

विद्यालयों की संख्या

तालिका–2.19

वर्ष	परिषदीय	मान्यता प्राप्त	योग
2000–2001	450	185	635
2001- 2002	454	200	654
2002–2003	459	200	659

2003–2004	470	200	670

अध्यापकों की संख्या

तालिका–2.20

वर्ष	परिषदीय
2000–2001	1688
2001–2002	1779
2002–2003	1667

जनपद में डी0पी0ई0पी0 का प्रारम्भ अप्रेल 2000 से हुआ वर्ष 2002–2003 के आंकडों को देखने से ज्ञात होता है कि जनपद में परियोजना की शुरुआत होने के बाद छात्र नामांकन में 3.96 प्रतिशत की वृद्धि हुई विद्यालयों की संख्या भी पूर्व में 635 थी जो प्राथमिक विद्यालयों के संदर्भ में 20 बढी है इसी प्रकार अध्यापकों की संख्या भी 1688 से बढकर 1779 हुई थी जो अब 1667 है ।

उच्च प्राथमिक स्तर

तालिका–2.21

क0सं0	वर्ष 1999–2000			वर्ष 2000–2001			वर्ष 2001–2002		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
1	3574	2694	6268	3893	2789	6682	4072	2830	6902

वर्ष 2002 -2003		
बालक	बालिका	योग
7224	5778	13002

वृद्धि प्रतिशत तालिका–2.22

क0सं0	वर्ष 2000–2001में वृद्धि प्रतिशत	वर्ष 2001–2002में वृद्धि प्रतिशत	वर्ष 2002–2003में वृद्धि प्रति0
1	6.1	3.18	46

विद्यालयों की संख्या तालिका–2.23

वर्ष	परिषदीय	मान्यता प्राप्त	योग
2000–2001	74	74	148
2001–2002	75	76	151
2002–2003	78	76	154

अध्यापकों की संख्या तालिका–2.24

वर्ष	परिषदीय
2000–2001	273
2001–2002	261
2002–2003	285

ट्रांजीशन दर (कक्षा–5 से कक्षा–6) तालिका–2.25

वर्ष	कक्षा–5	कक्षा–6	टी आर0 प्रतिशत
2000–2001	10100	–	–
2001–2002	–	7087	70.16
2002–2003	14422	11537	80

प्रपत्र संख्या–3 परिवार सर्वेक्षण – संकलन प्रपत्र सार वर्ष–2003–2004

जिले का नाम– बागपत

जाति	कुल बच्चों की संख्या				स्कूल जाने वाले बच्चे				स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या						विकलांग बच्चों की संख्या			
	बालक		बालिका		बालक		बालिका		बालक			बालिका			बालक		बालिका	
	6–11	11–14	6–11	11–14	6–11	11–14	6–11	11–14	5+से 6+	7+से 10+	11 से 14	5+से 6+	7+से 10+	11 से 14	6–11	11–14	6–11	11–14
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19
सामान्य	17926	9667	13538	7798	17250	9482	12985	7569	1035	540	135	572	521	229	56	23	45	21
अ.जा.	15948	7302	12748	5208	15199	6958	12063	5175	9011	724	344	3715	661	33	144	55	82	35
अ.ज.जा.																		
पिछड़ी जाति	42439	16887	32057	15500	41223	18479	31063	15016	2571	1216	408	1417	974	484	217	163	209	127
अल्पसंख्यक	24947	12339	19405	9376	23294	11637	17630	8375	4393	1642	702	1241	1780	1001	230	133	207	85
योग	101260	48195	77748	37882	96966	46556	73741	36135	17010	4112	1639	6945	3936	1747	677	384	543	268

विद्यालय न जाने वाले बच्चों का विवरण

कारण	5+से 6+		7 से 10+		11 से 14	
	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका
1. अपने घर के कामों में लगे रहना					1112	1417
2. मजदूरी से लगे रहना					527	330
3. भाई बहनों की देखभाल			2106	1836		
4. विद्यालय दूर होने के कारण						
5. अन्य	17010	6945	2006	2100		
योग	17010	6945	4112	3936	1639	1747

विकलांग बच्चों के कारण

कारण	बालक		बालिका	
	6–11	11–14	6–11	11–14
1. दृष्टि	53	19	52	18
2. सुनना	45	24	27	23
3. बोलना	73	41	28	29
4. अधिगम अक्षमता	8	3	17	19
5. मानसिक मंदता	115	33	68	23
6. शारीरिक अक्षमता	345	259	309	120
7. अन्य	37	14	42	36
योग	677	384	543	268

विभिन्न कारणों से विद्यालय न जाने वाले /विकलांग बच्चों की संख्या भरी जायेगी

जनपद में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या में वृद्वि होने से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भी बच्चों की संख्या बढी है 2002–2003 में बच्चों की संख्या में 46 प्रतिशत की वृद्वि हुई है जनपद में प्राथमिक स्तर से उच्च प्राथगिक स्तर पर जाने वाले बच्चों की टी0आर0 दर 80 प्रतिशत रही है

परिवार सर्वेक्षण 2003–2004

जनपद में वर्ष 2003–2004 में कराये गये परिवार सर्वेक्षण के अनुसार 5–6 वर्ष , 7–10 वर्ष तथा 11–14 वर्ष के विद्यालय न जाने वाले बालक बालिकाओं की संख्या 35399 चिन्हित हुई इन बालक बालिकाओं में से मास अगस्त 2003 तक विभिन्न प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 31593 बच्चों का नामांकन कराया जा चुका है यह कार्य स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत कराया गया । कुल चिन्हित बालक बालिकाओं में से 89.24 प्रतिशत का नामांकन हो चुका है अवशेष 3806 बालक बालिकाओं के लिए विद्या केन्द्र व उच्च प्राथगिक शिक्षा केन्द्र, ब्रिज कोर्स आदि का संचालन कराया जा रहा है इस प्रकार वर्ष 2003–2004 के शतप्रतिशत नामांकन के लक्ष्यको पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।

स्कूल चलो अभियान अन्तर्गत प्रगति परिवार सर्वेक्षण के संदर्भ में वर्ष 2003–2004

हाउस होल्ड सर्वे के अनुसार चिन्हित बच्चे हाउस होल्ड सर्वे के अनुसार नामांकित बच्चे

ब्लाक	कुल बच्चे	5–6 वर्ष		7–10 वर्ष		11–14 वर्ष		योग	5–6 वर्ष		7–10 वर्ष		11–14 वर्ष		योग
		बा0	बालि 0	बा0	बालि 0	बा0	बालि 0		बा0	बालि 0	बा0	बालि 0	बा0	बालि 0	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
बागपत	52406	2530	1275	575	541	403	585	5909	2401	1160	505	495	330	530	5421

बडौत	74910	3442	1997	686	1051	223	266	7847	3115	1860	785	915	207	203	7085
बिनौली	49912	2483	1036	989	732	350	4163	6006	2290	901	811	511	305	375	5193
छपरौली	31690	2865	1316	483	504	100	166	5434	2710	1201	407	461	75	114	4968
खेकडा	41068	4170	742	2017	355	262	139	5875	3950	635	180	302	201	101	5369
पिलाना	39054	1520	579	990	753	301	175	4318	1390	456	807	530	275	105	3563
योग	289040	17010	6945	4122	3936	1639	1747	35399	15856	6213	3489	3214	1393	1428	31593

स्रोत – जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बागपत

विकास खण्डवार छात्र संख्या व अध्यापक संख्या 2003

जनपद–बागपत

क0स0	विकास खण्ड	प्राथमिक स्तर पर				उच्च प्राथमिक स्तर पर			
		बालक	बालिका	योग	अध्यापक	बालक	बालिका	योग	अध्यापक
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	बागपत	7051	6550	13601	270	489	386	875	33
2	बडौत	8516	7729	16245	369	730	585	1315	62
3	बिनौली	10665	8298	18963	368	1005	458	1463	57
4	छपरौली	5244	4568	9812	219	788	533	1321	60
5	खेकडा	5634	5091	10725	203	418	487	905	36
6	पिलाना	6752	6114	12866	238	577	385	962	37
	योग	43862	38350	82212	1667	4007	2834	684	285

जनपद बागपत के छः विकास खण्डों की छात्र संख्या व अध्यापक संख्या को तुलनात्मक रुप से देखने पर ज्ञात होता है कि जनपद में अध्यापक व छात्रों का अनुपात 49.3:1 है । जनपद में इस अनुपात के बढने का कारण अध्यापकों का अधिक संख्या में सेवा निवृत होना, छात्र संख्या बढना तथा नवीन अध्यापकों का चयन कम होना है ।इस कमी को पूरा करने के लिए शिक्षा मित्रों के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है।

जनपद–बागपत की ड्रापआउट दर /जी.ई.आर./एन.ई.आर.–प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्तर

क0स0	जनपद	प्राथमिक स्तर			उच्च प्राथमिक स्तर		
		ड्रापआउट	जी.ई.आर.	एन.ई.आर	ड्रापआउट	जी.ई.आर.	एन.ई.आर
1	बागपत	20 प्रति0	95	93	8	95	91

जनपद बागपत के प्राथमिक स्तर पर शालात्याग दर 20 प्रतिशत,जी.ई.आर. 95प्रतिशत,एन.ई.आर. 93 प्रतिशत है तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर शालात्याग दर 8 प्रतिशत,जी.ई.आर. 95 प्रतिशत,एन.ई.आर. 91 प्रतिशत है। इन आंकडों से ज्ञात होता है कि जनपद में प्राथमिक स्तर पर शत प्रतिशत नामांकन की ओर बढा जा रहा है ।

अध्याय–3

नियोजन प्रक्रिया

सर्व शिक्षा अभियान राज्यों की भागीदारी से समयबद्ध समेकित प्रयास द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा को जन--जन तक पहुंचाने सम्बन्धी चिर अभिलक्षित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास है । सर्व शिक्षा अभियान जिससे देश के प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाने की अपेक्षा की गयी है का उददेश्य 2010 तक 6–14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को उपयोगी तथा कोटिपरक प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान करना है।

सर्व शिक्षा अभियान स्कूल पद्धति से कार्य निष्पादन में सुधार तथा समुदाय आधारित कोटिपरक प्रारम्भिक शिक्षा को मिशन के रुप में प्रदान करने सम्बन्धी जरुरत को पूरा करने सम्बन्धी एक प्रयास है इस कार्यक्रम में स्त्री–पुरुष असमानता तथा सामाजिक अंतर को समाप्त करने की परिकल्पना भी की गयी है ।

इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा सम्बन्धी इन सभी प्रयासों में एक सूत्रता लानें का प्रयास किया गया है। ऐसे प्रयास किये जायेंगे जिनसे सामुदायिक सहभागिता बढाने के उददेश्य से स्कूल स्तर से निचले स्तर तक कार्यात्मक विकेन्द्रीकरण सुनिश्चित हो सकें। पंचायती राज्य संस्थाओं, निर्धारित क्षेत्रों में जनजातीय परिषदों जिनमें ग्राम पंचायतें भी सम्मलित हैं की स्वीकृति प्रदान करने के अलावा राज्यों को प्रोत्साहित किया जायेगा घ गैर सरकारी संगठनों, शिक्षकों,स्वयंसेवकों,कलाकारों,महिला संगठनों आदि को शामिल करके अपनी जबाबदेही के क्षेत्र का विस्तार करें ।

सूक्ष्म नियोजन तथा ग्राम शिक्षा योजना

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परियाजना के अन्तर्गत सूक्ष्म नियोजन की प्रकिया को विशेष महत्व दिया गया। इसका प्रयोजन यह था कि प्रत्येक बस्ती तथा ग्राम के प्रत्येक परिवार के 6–11 वय वर्ग के बालकों तथा बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति का आंकलन किया जाय। सूक्ष्म नियोजन प्रारम्भ करने हेतु ग्राम शिक्षा समितियों के सदस्यों ग्राम के उत्साही प्रबुद्ध व्यक्तियों तथा अध्यापकों के लिए इसके उददेश्यों तथा विधियों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया प्रत्येक ग्राम में बस्तियों की सूची तैयार की गयी बस्तियों की सूची परिशिष्ट में दी गयी है इस जनपद में सर्वप्रथम 2000–2001 में तथा दूसरा चरण 2001–2002 तक सभी ग्रमवासियों के सहयोग से बस्ती तथा प्रत्येक परिवार से सम्बन्धित सभी सूचनाओं जिनकी सूची पहले से तैयार की गयी थी एकत्र किया गया तथा एकत्रित सूचनाओं/आंकणों का विश्लेषण करके समस्याओं /आवश्यकताओं की पहचान की गयी।

सूक्ष्म नियोजन द्वारा ग्राम सभाओं से सूचनाओं का संकलन

- ग्राम में 6–11 वयवर्ग के कुल बच्चों की संख्या
- विद्यालय/विद्याकेन्द्रों/शिक्षा केन्द्रों में पढने वाले बच्चो की संख्या
- विद्यालय न जाने वाले बच्चों की संख्या
- शिक्षा ग्रहण न करने वाले बच्चों के विद्यालय/विद्याकेन्द्रों /शिक्षा केन्द्रों में न जाने का कारण
- यदि ग्राम में विद्यालय/विद्या केन्द्र/शिक्षा केन्द्र नहीं हैं तो क्या मानक के अनुसार विद्यालय खोलने की आवश्यकता है ?

- यदि मानक के अनुसार नवीन विद्यालय खोला जाना सम्भव नही है तो ग्रामवासी शिक्षा की क्या व्यवस्था प्रस्तावित करते हैं
- क्या ग्राम में स्थित प्राथमिक विद्यालय भवन एवं भौतिक संसाधन पर्याप्त मात्रा में हैं ?
- यदि नहीं तो इनके सुधार के लिए ग्राम वासियों के क्या सुझाव हैं ?
- क्या विद्यालयों में अध्यापकों की तैनाती छात्र संख्या के अनुसार है तथा छात्र अध्यापक अनुपात क्या है ?
- क्या अध्यापक नियमित रुप से विद्यालय आते हैं ?
- शिक्षण कार्य की स्थिति/शिक्षा की गुणवत्ता के विषय में ग्रामवासियों के विचार

सूक्ष्म नियोजन द्वारा उपरोक्त सूचना एकत्र करने के पश्चात निम्न कार्य ग्राम वासियों के सहयोग से किये गये

1 परिवार सर्वेक्षण

2 स्कूल का मानचित्र/शैक्षिक मानचित्र

3 सूचनाओं का विश्लेषण

4 ग्राम शिक्षा योजना का निर्माण

शैक्षिक मानचित्रण,विश्लेषण,ग्रामशिक्षा योजना निर्माण की तैयारी–

ग्रामप्रधान की अध्यक्षता में ग्राम शिक्षा समिति के सभी सदस्यों उत्साही युवक युवतियों /शिक्षिकाओं की एक सभा बुलाकर गांव की शैक्षिक समस्याओं के साथ–2 अन्य समस्याओं तथा आवश्यकताओं पर चर्चा की गयी समूहों द्वारा सर्वेक्षण प्रपत्रों के माध्यम से गांव के समस्त परिवारों का सर्वेक्षण भी कराया गया।

इसके पश्चात शैक्षिक मानचित्र के द्वारा गांव की सम्पूर्ण स्थिति को परिलक्षित किया गया प्राप्त सूचनाओं एवं स्कूल मानचित्र के विश्लेषण के द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से गांव की उत्तम व्यवस्था के लिए ग्राम शिक्षा योजना बनायी गयी।

शैक्षिक मानचित्र द्वारा प्रत्येक ग्राम के लिए निम्नलिखित सूचनाऐं एकत्र की गयीं।

1. बस्ती की पूरी जनसंख्या
2. विभिन्न आयुवर्ग की जनसंख्या
3. स्त्री पुरुष की जनसंख्या
4. पढने व न पढने वाले बच्चों की संख्या
5. बाल श्रमिकों के विषय में जानकारी
6. विकलांग बच्चों के विषय में जानकारी
7. बालिका शिक्षा की स्थिति

उपरोक्त सभी तथ्यों समस्याओं आदि पर बस्ती के लोगों व समुदाय के सभी सदस्यों से विचारविमर्श के दौरान उभरे हुए बिन्दुओं को सम्मलित करते हुए ग्राम सभाओं से प्राप्त आकडों को संकलित करके ग्राम शिक्षा योजना तैयार की गयी इस योजना को अत्यधिक प्रभावी बनाने के उददेश्य से 2001–2002 तथा 2002–2003 में पुनः सारी प्रकिया दोहरायी जायेगी ग्राम शिक्षा योजना को ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय के न0–1 में रख दी गयी है ताकि इसका उपयोग ग्राम स्तर पर

आसानी से हो सके शेष ग्राम सभाओं से भी आंकडे प्राप्त किये गये इन्हें जनपद स्तर पर संकलित किया गया तथा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम तैयार करने हेतु इसी को आधार बनाया गया।

विकास खण्डवार प्राप्त आंकडों से विद्यालय न जाने वाले बच्चों को दो श्रेणी में विभक्त किया गया 6–8 तथा 6–11 है इसके अतिरिक्त ऐसे बच्चों की भी संख्या ज्ञात की गयी जो कामकाजी है

सर्वेक्षण से प्राप्त आकडों के आधार पर उन बश्स्तयों की सूची भी तैयार की गयी जिसमें शिक्षा गारन्टी केन्द्र/वैकल्पिक शिक्षा एवं नवाचार शिक्षा केन्द्र स्थपित किया जाना सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित किया गया है।

ग्राम शिक्षा समितियों द्वारा समस्त समुदाय की सहभागिता से सूक्ष्म नियोजन का कार्य प्रथम वार्षिक योजना 2002–2003 के कियान्वयन के दोरान पूर्ण किया जायेगा इसके द्वारा प्राप्त आकडों /सूचनाओं का उपयोग वार्षिक कार्ययोजना 2003–2004 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम तैयार करने हेतु किया जायेगा

नगरीय क्षेत्रों के शैक्षिक आकडों को प्राप्त करने हेतु सर्वेक्षण कार्य आरम्भ कर दिया गया है इस सर्वेक्षण से प्राप्त आकडों का संकलन किया जायेगा तथा निषकर्षों का उपयोग वर्ष 2003–2004 की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट तैयार करने हेतु जायेगा।

स्कूल चलो अभियान–

जनपद बागपत में जुलाई 2003 में बालक बालिकाओं के नामांकन वृद्धि एवं ड्राप आउट समाप्त करने के उददेश्य से स्कूल चलो अभियान चलाया गया । जिसका विवरण इस प्रकार है–

1. स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के तहत जनपद में व्यापक प्रचार प्रसार किया गया तथा शत प्रतिशत नामांकन कराने हेतु शिक्षा विभाग एवं प्रशासन ने संकल्प लिया प्रथम चरण 01.07.2003 से 15.07.2003 तक आयोजित किया गया ।

2. दिनांक 28.06.2003 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला समन्वयकों,सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों प्रति उप विद्यालय निरीक्षक तथा डी0पी0ई0पी0 के अन्य कर्मचारियों की बैठक की गयी तथा स्कूल चलो अभियान की रुपरेखा त्यार की गयी।

3. 2 जुलाई 2003 को सभी शिक्षक गणों ने उपस्थित होकर उर्त्तीण हुए छात्रों का अगली कक्षा में नामांकन किया तथा ग्राम शिक्षा समिति की बैठक की ।

4. कार्यक्रम की सफलता हेतु विद्यालय के सेवित क्षेत्रों में 6–14 आयु वर्ग के सभी बच्चों की बालगणना करायी गयी।

5. तीन जुलाई 2003 को समस्त विद्यालययों के शिक्षकों एवं शिक्षा समिति के सहयोग से दीवारों पर स्कूल चलों अभियान के नारे लिखे गये जैसे

चलो चलें स्कूल अनपढ नर पशु समान,

घर घर शिक्षा दीप जलाऐं भावी पीढी सजग बनाऐं,

6. चार जुलाई 2003 को जिला मुख्यालय पर स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया गया इसी तरह विकास खण्डों में भी स्कूल चलो अभियरन का शुभारम्भ किया गया इस कार्यक्रम में अध्यापक,अभिवापक,समाजसेवी संस्थाओं,गैर सरकारी अभिकर्मियों द्वारा भी स्कूल चलो अभियान में सहयेाग दिया गया विकास खण्ड बडौत में सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में सायकिल रैली निकाली गयी।

7. 5 से 9 जुलाई 2003 तक प्रतिदिन प्रातः प्रत्येक ग्राम सभा में प्रभातफेरियां निकाली गयीं तथा यह रैलियां जनपद स्तर पर भी निकाली गयीं इन रैलिओं के द्वारा जन–जन तक स्कूल चलो अभियान का संदेश पहुंचाया गया।

8. 9 जुलाई 2003 को जनपद स्तर पर एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें माननीय बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार श्री बालेश्वर त्यागीजी ने मशाल जलाकर रैली का शुभारम्भ किया तथा विद्यालय न जाने वाले बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जग्रति उत्पन्न करने पर विशेष बल दिया गया

9. 10 से 11 जुलाई 2003 को वातावरण सृजन के उपरान्त सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रति उप विद्यालय निरीक्षक प्रधान अध्यापक बी0आर0सी0 समन्वयकों एन0पी0आर0सी0 समन्वयकों ने क्षेत्रों में भ्रमण कर स्कूल चलो अभियान सफल बनाने हेतु प्रयास किया।

10. 14 से 15 जुलाई 2003 को विद्यालय के अध्यापकों द्वारा विद्यालय के सेवित क्षेत्र अन्तर्गत निवास करने वाले समस्त बच्चों का चिन्हांकन किया गया तथा ऐसे बच्चों का चिन्हांकन किया गया जो स्कूल जाने योग्य हैं तथा जिन्होंने विद्यालय बीच में ही छोड दिया है ऐसी समस्त जानकारी एकत्र कर निर्धारित प्रपत्र पर बाल गणना पूर्ण की गयी तथा सूची विकास खण्ड को प्रेषित की गयी ।

द्वितीय चरण–

1. 16 जुलाई 2003 के सर्वे के माध्यम से की गयी अद्यतन बाल गणना के अनुसार स्कूल न जाने वाले बच्चों का नामांकन किया गया।
2. सर्वे के आधार पर ऐसे बच्चों को पुनः प्रवेश दिलाया गया जिन बच्चों ने किसी कारणवश विद्यालय बीच में ही छोड दिया था।

3. नामांकन हो जाने के पश्चात जनपद स्तर पर उपसमिति का गठन किया गया जिसके द्वारा प्रत्येक बच्चे के नामांकन व ठहराव की समीक्षा की गयी। सतत सम्पर्क (सप्ताह में एक बार) के माध्यम से स्कूल छोडने की प्रवृत्ति पर प्रभावी ढंग से रोक लगायी जा सके इस कार्य हेतु अध्यापक एवं बच्चों की एक टोली बनाकर नामांकन के बाद लगातार विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया ।

विद्यालयों को भौतिक संसाधनों उपलब्ध कराना–

प्रत्येक विद्यालय एक आदर्श विद्यालय के रुप में विकसित हो इसके लिए निम्न विवरण के अनुसार धनराशि उपलब्ध करायी गयी–

1. 450 प्राथमिक विद्यालयों को रंगाई पुताई एवं साजसज्जा हेतु 2000/– प्रति विद्यालय की दर से ग्राम शिक्षा निधि के खाते में सीनान्तरित किया गया ।
2. 300 प्राथमिक विद्यालयों को खेल कूद एवं अन्य उपयोगी उपकरण कय करने हेतु 5000/– प्रति विद्यालय की दर से ग्राम शिक्षा निधि खाते में सीनान्तरित किया गया।
3. अध्यापकों को सहायक सामग्री निर्माण कर बच्चों की रुचि के अनुसार शिक्षा देने हेतु सहायक शिक्षण सामग्री निर्गाण हेतु 500/– प्रति अध्यापक की दर से उपलब्ध कराया जायेगा।

इस प्रकार दिनांक 31 जुलाई 2003 को स्कूल चलो अभियान का समापन किया गया एवं अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों को प्राथमिक विद्यालय/पूर्व माध्यमिक विद्यालय में नामांकित कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया। स्कूल चलो अभियान की उपलब्धियां निम्न सारिणी में दर्शायी गयी है ।

सर्व शिक्षा अभियान के स्वरुप को ध्यान में रखते हुए विकेन्द्रीकृत नियोजन की प्रणाली दुबारा अपनायी गयी जिसमें बस्ती स्तर पर शैक्षिक योजनाऐं बनाने की दिशा में कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

बागपत जिले में सर्व शिक्षा अभियान की परियोजना तैयार करने हेतु निम्नांकित प्रयास किये गये:-

1. नियोजन टीम का गठन-किसी भी कार्य को आरम्भ करने के लिए किसी न किसी स्तर पर कोई पहल करता है इतने बढे सार्थक उददेश्य (सर्व शिक्षा अभियान) के लिए 6 सदस्य नियोजन टीम का गठन किया गया ।

   - विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी
   - प्राचार्य डायट
   - प्रवक्ता डायट
   - सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी
   - सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी
   - जिला सामन्वयक प्रशिक्षण

2. बस्ती/ग्राम स्तर पर विभिन्न स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें की गयी सर्व शिक्षा अभियान को आरम्भ करने से पूर्व समुदाय की शिक्षा के प्रति क्या सोच है उसकी शिक्षा से क्या-2 उपेक्षाऐं हैं तथा वह इसमें किस प्रकार से सहयोग कर सकता हे इन विषयों पर समुदाय की राय जानना अति आवश्यक है बिना इनके यह शिक्षा सर्व शिक्षा हो ही नहीं सकती एफ0जी0डी0 प्रकिया से उन क्षेत्र विशेष की समस्याओं को ध्यान में रख कर सर्व शिक्षा का परिपेक्षित्व प्लान तैयार किया जा सके समाज में कुछ व्यक्ति होते है जो इस तरह के कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं जिनको कार्यक्रम चलाने पर सम्पर्क व्यक्ति (कान्टेक्ट परसन) सोसल एक्अीविस्ट के रुप में सहयोग ले सकते हैं संदर्भ व्यक्तियों की पहचान स्वयं सेवी संस्थाओं की पहचान पंचायती राज्य संस्थाओं के पदाधिकारियों की

सोच उनके सहयोग आदि की जानकारी एफ0जी0डी0 से ही हो सकती है यह कार्य एक उत्तम कोटि का पर्सपेक्टिव प्लान बनाने में सहायक सिद्ध हुआ।

3. परियोजना पूर्व की गतिविधियों के अन्तर्गत जिले में एफ0जी0डी0 टीम का गठन किया गया उसमें वे अधिकारी/कर्मचारी भी सम्मलित है जिन्होंने प्लान बनाने के लिए सीमेट इलाहाबाद के तत्वाधान में आयोजित कार्यशालाओं में प्रतिभाग किया है इनके अतिरिक्त डी0पी0ई0पी0 के जिला समन्वयक,सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी,प्रति उप विद्यालय निरीक्षक,बी0आर0सी0,एन0पी0आर0सी0,प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक, स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि तमाम विभाग के अधिकारियों तथा इन प्रतिनिधियों से सहयोग मिला

नियोजन प्रकिया में सहभागिता हेतु कार्यवाही का विवरण तालिका–3.1

क0 स0	जनपद स्तर/ब्लाक स्तर/ग्राम स्तर	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियेा का विवरण एवं सं0	बैठक /विचार विमर्श में जो बिन्दु उभरे उनका संक्षिप्त विवरण
1	सीमेट इलाहाबाद	01.02.09.03	सीमेट	बी0एस0ए0,ए0ए0ओ0,डी0सी0,ए0बी0एस0ए0	कोर टीम का प्रशिक्षण किया गया सर्व शिक्षा हेतु कार्ययोजना तैयार की गयी
2	जनपद स्तर	12.11.2001	बागपत	वि0वे0शि0अधिकारी–1सभासद –2 जि0समन्वयक–4 स0 वि0एवं लेखा0–1 कम्प्यूटर प्रभारी–1 ए0बी0एस0ए0–3 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–8 अभिभावक–8 एन0पी0आर0सी0–46 शिक्षा समिति सदस्य–3 बी0आर0सी0सी0–6ए0बी0आर0सी0सी0–12	1.समुदाय को शिक्षा से जोडा जाय2. शिक्षा में गुणवत्ता परख सुधार अपेक्षित 3.मकतब मदरसों का सुद्धीकरण 4. विद्यालयों में चाहर दीवारी करायी जाय 5.जिन बस्तियों में विद्यालय नहीं हैं वहां वै0 केन्द्र/विद्या केन्द्र स्थापित किये जायें 6.अध्यापक समय से विद्यालय

					जायेंअभिभावक सहयोग करें 7.. माता पिता में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 8. पढने लिखने के बाद नौकरी न मिलना 9. लडकियों को घर का काम करना पढता। 10. शिक्षक के व्यवहार व व्यक्तित्व मे कमी। 11. भट्टों पर बाल श्रमिकों को पढाने की व्यवस्था की जाये
3	ग्राम स्तर	12.11..2001	निवाडा	अधिकारी–2 महिला प्रधान–1 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–2 अभिभावक–7 एन0पी0आर0सी0 1	1.विद्यालय में सफाई नहीं है 2. पर्दा प्रथा होने के कारण महिलाऐं अपनी बात कहने में संकोच करती है 3. माता पिता मे बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4. विद्यालय में चाहर दीवारी की व्यवस्था हो।
4	ग्राम स्तर	12.11.2001	सरूरपुर	अधिकारी–2 पुरुष प्रधान–1 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–2 अभिभावक–7 एन0पी0आर0सी0–1	1.विद्यालय में सफाई नहीं है 2. अभिभावक सहयोग करें 3. माता पिता में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4 विद्यालय प्रांगढ मे पानी भर जाता है।
5	ग्राम स्तर	12.11.2001	बडागांव	अधिकारी–2 महिला प्रधान–1 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–2 अभिभावक–7 एन0पी0आर0सी0–1	1.विद्यालय में सफाई नहीं है 2. पर्दा प्रथा होने के कारण महिलाऐं अपनी बात कहने में संकोच करती है 3. माता पिता में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4. नैतिक शिक्षा पर बल दिया जाय। 5. अध्यापक शिक्षण कार्य ठीक से नही करते हैं।

6	ग्राम स्तर	19.11.2001	**मुबारिकपुर**	अधिकारी–2 पुरुष प्रधान–1 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–2 अभिभावक–7 एन0पी0आर0सी0–1 शिक्षा समिति सदस्य–3	1.विद्यालय में सफाई नही है 2. अभिभावक सहयोग करें 3. माता पिता में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4. पढने लिखने के बाद नौकरी न मिलना 5. लडकियों को घर का काम करना पढता।
7	ग्राम स्तर	19.11.2001	बड.का	अधिकारी–2 प्रधान–1 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–2 अभिभावक–7 एन0पी0आर0सी0–1 शिक्षा समिति सदस्य–3	1.विद्यालय में सफाई नही है 2. अभिभावक सहयोग करें 3. माता पिता में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4 विद्यालय प्रांगढ मे पानी भर जाता है।
8	ग्राम स्तर	20.11.2001	कोताना	अधिकारी–2 पुरुष प्रधान–1 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–2 अभिभावक–7 एन0पी0आर0सी0–1 शिक्षा समिति सदस्य–3	1.विद्यालय मे सफाई नही है 2. अभिभावक सहयोग करें 3. माता पिता में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4. पढने लिखने के बाद नौकरी न मिलना 5. लडकियों को घर का काम करना पडता।
9	ब्लाक स्तर	20.11.2001	बिनौली	अधिकारी–2 पुरुष प्रधान–1 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–2 अभिभावक–7 एन0पी0आर0सी0–1 शिक्षा समिति सदस्य–3	1.विद्यालय में सफाई नहीं है 2. अभिभावक सहयोग करें 3. माता पिता में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4. पढने लिखने के बाद नौकरी न मिलना 5. लडकियों को घर का काम करना पडता।
10	ब्लाक स्तर	20.11.2001	छपरौली	अधिकारी 2 सभासद 2 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–2 अभिभावक–7	1.विद्यालय में सफाई नही है 2. अभिभावक सहयोग करें 3. माता पिता

				एन0पी0आर0सी0–1 शिक्षा समिति सदस्य–3	में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4. पढने लिखने के बाद नौकरी न मिलना 5. लडकियों को घर का काम करना पढता।
11	ब्लाक स्तर	20.11.2001	बडौत	अधिकारी–2सभासद –2 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–2 अभिभावक–7 एन0पी0आर0सी0 -1 शिक्षा समिति सदस्य -3	1.विद्यालय में सफाई नहीं है 2. अभिभावक सहयोग करें 3. माता पिता में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4. पढने लिखने के बाद नौकरी न मिलना 5. लडकियों को घर का काम करना पढता।
12	ब्लाक स्तर	20.11.2001	पिलाना	अधिकारी–2सभासद –2 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–2 अभिभावक–7 एन0पी0आर0सी0 -1 शिक्षा समिति सदस्य -3	1.विद्यालय में सफाई नहीं है 2. अभिभावक सहयोग करें 3. माता पिता में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4. पढने लिखने के बाद नौकरी न मिलना 5. लडकियों को घर का काम करना पढता। 6. शिक्षक के व्यवहार व व्यक्तित्व में कमी।
13	ब्लाक स्तर	22.11.2001	बागपत	अधिकारी–2सभासद –2 बहुददेशिय कर्मी –1 अध्यापक–2 अभिभावक–7 एन0पी0आर0सी0- 1 शिक्षा समिति सदस्य 3 बी0आर0सी0सी0- 1 ए0बी0आर0सी0सी0- 2	1.विद्यालय में सफाई नहीं है 2. अभिभावक सहयोग करें 3. माता पिता में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4. पढने लिखने के बाद नौकरी न मिलना 5. लडकियों को घर का काम करना पढता। 6. शिक्षक के व्यवहार व व्यक्तित्व में कमी।
14	ब्लाक स्तर	22.11.2001	खेकडा	अधिकारी–2सभासद –2 बहुददेशिय कर्मी	1.विद्यालय में सफाई नहीं है 2.

				–1 अध्यापक -2 अभिभावक -7 एन0पी0आर0सी0–1 शिक्षा समिति सदस्य–3 बी0आर0सी0सी0–1 ए0बी0आर0सी0सी0–2	अभिभावक सहयोग करें 3. माता पिता में बालिकाओं के लिए असुरक्षा की भावना 4. पढने लिखने के बाद नौकरी न मिलना 5. लडकियों को घर का काम करना पढता। 6. शिक्षक के व्यवहार व व्यक्तित्व में कमी। 7. भटटों पर बाल श्रमिकों को पढाने की व्यवस्था की जाये
15	ब्लाक स्तर	01.12.01	छपरौली	ब्लाक प्रमुख बी0आर0सी0 एन0पी0आर0सी0,सभासद, अन्य	प्राथमिक शिक्षा में सुधार हेतु प्रयास किया जाय बालिका शिक्षा पर बल, भटटों पर बाल श्रमिकों को पढाने की व्यवस्था की जाय
16	ब्लाक स्तर	06.12.01	खेकडा	अधिकारी–1, बी0डी0सी0 सदस्य–5,वी0, आर0सी0, एन0पी0आर0सी0सी0, सभासद व अन्य	समुदाय को शिक्षा से जोडा जाय मदरसों में भी अध्यापकों की व्यवस्था की जाय माता पिता में लडकियों के लिए असुरक्षा की भावना
17	बस्तीवार	10.12.01	बालमीकी बस्ती बडौत	सभासद–2,अधिकारी–1,ब्लाक प्रमुख–1, अध्यापक–5,अन्य–10	वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र की व्यवस्था की जाय, बस्ती में सफाई का अभाव
18	इलाहाबाद	10.11दिस0001	सीमेट इलाहाबाद	ए0पी0ओ0, डी0सी0, ए0डी0एस0ए0, सीमेट अधिकारीगण	परिनिर्मित प्लान का फोलोअप, विशेषज्ञों द्वारा प्लान के बारे में निर्देशन

प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न एजेन्सीज/विभागों से समन्वय व सहयोग

प्रारंभिक शिक्षा के विकास व उन्नयन हेतु निम्नांकित विभागों से सुनियोजित ढंग से सहयोग प्राप्त किया जाता है।

- आई0सी0डी0एस0 के साथ समन्वय– जिला कार्यक्रम अधिकारी व समन्वयक बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य कर्मी एन0जी0ओ0 आदि को सम्मलित कर जिला सदर्भ समूह तथा विकास खण्ड समूह का गठन किया जाता हैं और निम्नवत आई0सी0डी0एस0 के साथ समन्वय स्थापित किया जाता है

1. आंगनबाडी केन्द्रों का समय स्कूलों के समय के अनुसार निर्धारित किया जाता है ।
2. आंगनबाडी केन्द्र की स्थापना विद्यालय प्रांगड में या उसके निकट की जाती है ।
3. आंगनबाडी केन्द्र को शिक्षण सहायक समग्री उपलब्ध करायी जाती है।
4. केन्द्रों के सुदृढीकरण हेतु प्रशिक्षण क्षमता का विकास किया जाता है।
5. केन्द्रों के संचालन के अतिरिक्त समस्या हेतु अनुपालिक ढंग से अतिरिक्त मानदेय दिया जाता है।

- स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय– स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय सीपित करके प्रत्येक वर्ष परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छत्राओं का स्वास्थ्य परिक्षण कराया जायेगा जिससे चिन्हित रोगी छात्र छात्राओं के उपचार हेतु उनके अभिभावको को अवगत कराया जा सके तथा बच्चों के स्वास्थ्य की समुचित देखभाल हो राके।स्वास्थ्य वार्ड का रखरखाय विद्यालय स्तर पर किया जाता है स्वास्थ्य परिक्षण हेतु राजकीय चिकित्साक अथवा पंजीकृत चिकित्सायों की सेवा ली जाती है चिकित्सकों के आने जाने की व्यवस्था विभाग से की जाती है।

- समाज कल्याण विभाग से समन्वय–समाज कल्याण विभाग के सहयोग से प्राथमिक विद्यालयों व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अनुसूचित जाति के सभी बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु कमशः 300/–व 480/– प्रति छात्र की दर से प्रति वर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

- ग्राम पंचायतों से समन्वय– असेवित क्षेत्रों में नवीन विद्यालयों की स्थापना हेतु ग्राम पंचायतों के सहयोग से ग्राम पंचायत भूमि प्रबन्धक समितियों द्वारा निःशुल्क भूमि उपलब्ध करायी जाती है जहां पर विद्यालयों का निर्माण कर संचालित किया जाता है।

- खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से समन्वय– खाद्य व आपूर्ति विभाग के समन्वय एवं सहयोग से प्रत्येक विद्यालय में 80 प्रति0 मासिक उपस्थिती वाले छात्र छात्राओं को तीन कि0ग्रा0 प्रति छात्र की दर से पोषाहार योजना के अन्तर्गत खाद्यान वितरित किया जाता है।

- विकलांग कल्याण विभाग से समन्वय– विकलांग कल्याण विभाग के सहयोग से विकलांग छात्र छात्राओं को उपकरण (टायसायकिल,बैसाखी आदि) उपलब्ध कराने हेतु सहयोग प्राप्त किया जाता है बच्चों के चिन्हीकरण से सहयोग किया जाता है शासन द्वारा यह आदेश भी जारी किये गये हैं कि विकलांगों की सहायतार्थ उपकरणों /संयंत्रों के वितरण में छात्र छात्राओं को प्राथमिकता दी जाती है।

- उत्तर प्रदेश जल निगम/यू0पी0 एग्रो से समन्वय– इन दानों विभागों के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हैन्डपम्पों की स्थापना की जाती है।

- युवा कल्याण विभाग से समन्वय– युवा कल्याण विभाग से समन्वय सीपित कर छात्रों की कीडा प्रतियोगिता करायी जाती हैं ताकि इनमें खेल भावना का विकास हो सके नेहरु युवा केन्दों तथा युवक मण्डल दल के कार्यकर्ताओं के

सहयोग से छात्र नामांकन में वृद्धि हेतु कार्यक्रम चलाऐ जाते है शिक्षा के क्षेत्र में ग्राम शिक्षा समितियों व स्थानीय समुदाय की सामुदायिक सहभागिता विकसित की जाती है।

- पिछडा वर्ग कल्याण एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग से समन्वय–इन दोनों विभागों से समन्वय स्थापित कर पिछडी जाति एवं अल्पसंख्यक बच्चों को 300/– प्रति छात्र की दर से प्रति वर्ष छात्रवृत्ति वितरित की जाती है ताकि इन छात्रों को गणवेश एवं आवश्यक पठन सामग्री उपलब्ध हो सके।
- जिला ग्राम विकास अभिकरण विभाग से समन्वय–शिक्षा के उन्नयन हेतु ग्राम विकास अभिकरण (डी0आर0डी0ए0) से समन्वय स्थापित कर विद्यालय भवनों के निर्माण हेतु 40 प्रतिशत धनराशि शिक्षा विभाग से प्रदान कर से 60 प्रति0 धनराशि ग्राम विकास से प्राप्त कर विद्यालय भवनों का निर्माण कराया जाता है जिससे अधिक से अधिक विद्यालयों को आछादित किया जा सके।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उपरोक्त सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर समुचित सहयोग प्राप्त किया जायेगा उपरोक्त विभागों के साथ पूर्व से ही कन्वर्जेन्स स्थापित है जिसे आगे भी जारी रखा जायेगा।

ब्लाक वार स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या 2003

आधार–परिवार सर्वेक्षण 2003

31.08.2003 की स्थिति

जनपद–बागपत

विकास खण्ड	चिन्हित बच्चे	नामांकित बच्चे	अवशेष बच्चे
बागपत	5909	5421	488
बडौत	7847	7085	762
बिनौली	6006	5193	813
छपरौली	5434	4968	466
खेकडा	5875	5369	506
पिलाना	4318	3563	755
योग	35399	31593	3806

स्रोत– कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बागपत।

अवशेष 3806 बच्चों के नामांकन हेतु वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र ब्रिज कोर्स, एवं विद्या केन्द्रों के माध्यम से नामांकित किया जा रहा है।

अध्याय–4

सर्व शिक्षा अभियान के उददेश्य एवं लक्ष्य

सर्व शिक्षा अभियान के राष्ट्रीय स्तर पर उददेश्य–

भारत सरकार द्वारा कक्षा–1 से 8 तक की प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनिक हेतु राज्यों में सर्वशिक्षा अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया है। सर्व शिक्षा अभियान केन्द्र पुरोनिर्धारित योजना के रुप मे चलाया जायेगा नवी पंचवर्षीय योजना की अवधि तक केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के मध्य अंशदान का प्रतिशत 85.15 दशम पंचवर्षीय योजना में अंशदान का प्रतिशत 75.25 तथा इसके आगे की अवधि के लिए केन्द्र सरकार तथा राज्य सारकार के मध्य अंशदान का प्रतिशत 50.50 रहेगा।

स्र्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कक्षा–1 से 8 तक की शिक्षा के सार्वजनिक हेतु राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य लक्ष्य निम्नवत हैं:–

- वर्ष 2003 तक 6–11 वयवर्ग के सभी बच्चों को स्कूल शिक्षा गारन्टी योजना में विद्याकेन्द्रों वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों वापिस स्कूल चलो शिविर में प्रवेश दिलाया जायेगा अर्थात शत–प्रतिशत नामांकन के लक्ष्य को पूर्ण किया जायेगा।
- वर्ष 2007 तक सभी बच्चों द्वारा कक्षा–5 तक की प्राथमिक शिक्षा पूर्ण कर लेना।
- वर्ष 2010 तक सभी बच्चों द्वारा कक्षा–8 तक की प्राथमिक शिक्षा पूर्ण कर लेना।

- जीवनोपयोगी एवं प्रारम्भिक शिक्षा पर विशेष बल दिया जायेगा।
- वर्ष 2007 तक 6–11 वयवर्ग तथा वर्ष 2010 तक 11–14 वयवर्ग के शिक्षा बीच में छोडने वाले बच्चों की दर को शून्य पर लाने का लक्ष्य रखा गया है।
- वर्ष 2010 तक सार्वभौमिक ठहराव।

उक्त वृहद लक्ष्यों के साथ ही जनपद के लिए विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किये गये है जिनका विवरण निम्नप्रकार है:–

नामांकन के लक्ष्य

बाल संख्या तथा नामांकन प्रोजेक्शन हेतु अपनयी गयी विधा

जनगणना 2001 से प्रदेश की जनपदवार जनसंख्या के आंकडे प्राप्त हो गये हैं जनगणना 1991 की जनसंख्या के आंकडों को आधार मानते हुए विगत 10 वर्षो में जनपद की जनसंख्या में वृद्धि हुई है यह नीपा नयी दिल्ली की माडयूल से जनपद की वार्षिक वृद्धि दर प्राप्त की गयी जनपद बागपत की वार्षिक जनसंख्या वृद्धि दर 1.53 प्रतिशत है इस वार्षिक वृद्धि दर से वर्ष 2002–2010 तक प्रत्येक वर्ष की जनपद की कुल जनसंख्या अपेक्षित की गयी है।

जनगणना 2001 की आयुवर्गवार जनसंख्या के आंकडे अभी उपलब्ध नहीं हैं अतः जनगणना 1991 की आयुवर्गवार जनसंख्या के प्रतिशत को मानते हुए वर्ष 2001 तथा इससे आगे की अपेक्षित जनसंख्या में 6–11 वर्ष की बाल संख्या ज्ञात करने के लिए 14.9 प्रति0 तथा 11–14 वर्ष की बाल संख्या ज्ञात करने के लिए 6.2 प्रति0 का अनुपात लिया गया है नामांकन के प्रोजेक्शन हेतु वर्तमान जी0ई0आर0 को आधार मानते हुए नीपा नयी दिल्ली द्वारा प्रतिपादित इनरोलमेंट रेश्यो मैथड से 2002–2010 तक का जी0ई0आर0 प्रक्षेपित किया गया है वर्ष विशेष के लिए प्रक्षेपित जी0ई0आर0 तथा प्रक्षेपित बाल संख्या से

उस वर्ष के लिए नामांकन प्रक्षेपित किया गया है प्राथमिक स्तर पर 6–11 वर्ष के लिए 2003 तक तथा उच्च प्राथमिक स्तर के लिए 2004 तक शतप्रतिशत नामांकन का लक्ष्य रखा गया है यह भी उल्लेखनीय है कि प्राथमिक स्तर पर वर्ष 2003 के बाद तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर वर्ष 2004 के बाद जी0ई0आर0 में वृद्धि कम होगी क्योंकि जितने बच्चे 6–11 वर्ष व 11–14 वर्ष में बढेंगे उतने नामांकन में भी बढेंगे।

जनपद बाबपत में 6–11 वयवर्ग के बालगणना के अनुसार 169244 हैं जिसके सापेक्ष परिषदीय विद्यलयों काकुल नामांकन 77003 तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों का कुल नामांकन 42421, अनुसूचित जाति के बच्चों की कुल जनसंख्या 30090 है।

जनपद में 2001 की बालगणना के अनुसार कुल बच्चों की संख्या 169244 है इसमें से कुल नामांकित बच्चों की संख्या 166890 है 89887 बच्चे मान्यता प्राप्त/ गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय में पंजीकृत हैं । इसी प्रकार 77003 छात्र/छात्रा जनपद के परिषदीय विद्यालय में नामांकित हैं। सारिणी 4.1 के अनुसार कुल 2354 बच्चे विद्यालय से बाहर है वर्ष 2001 का एन0ई0आर0 98.60 है । इन बच्चों के विद्यालय में लाने के प्रयास किये जायेंगे। वर्ष 2002–2003 में छात्रों का एन0ई0आर0 शतप्रतिशत करने के प्रयास होंगे। फिर निरन्तर इस एन0ई0आर0 को बनाये रखा जायेगा।

तालिका संख्या 4.2 में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बालगणना के अनुसार 11–14 वयवर्ग के बच्चों की संख्या 72398 है जिसमें से मान्यता प्राप्त तथा परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 70310 बच्चे नामांकित है । 2088 बच्चे उच्च प्राथमिक विद्यालयों से बाहर इन बच्चों को विद्यालयों की सुविधा प्रदान करके विद्यालयों में लाया जायेगा । वर्ष 2001 में एन0ई0आर0 97.11 है जिससे वर्ष 2002–2003 में 98.63 करने हेतु प्रयास किये जायेंगे। वर्ष 2003–2004 में इस एन0ई0आर0 को शतप्रतिशत प्राप्त करके 2009–2010 तक इसे शतप्रतिशत बनाये रखा जायेगा।

प्राथमिक /उच्च प्राथमिक की ड्रापआउट प्रतिशत

(वर्ष 2001–2007 तक ड्रापआउट शन्यू करते हुए) सारिणी–4.3

वर्ष	ड्रापआउट प्रतिशत प्राथमिक स्तर पर	उच्च प्राथमिक स्तर पर ड्रापआउट प्रतिशत
2001–2002	28.36	14
2002–2003	24	10
2003–2004	20	8
2004–2005	13	6
2005–2006	8	4
2006–2007	4	2.5

जनपद के तीन ब्लाकों के पांच–पांच उच्च प्राथमिक विद्यालयों के आंकडे एकत्र किये गये उनके विश्लेषण के उपरान्त उच्च प्राथमिक का ड्रापआउट प्राप्त किया गया है।

उच्च प्राथमिक का ड्रापआउट

जनपद में उच्च प्राथमिक स्तर पर वर्ष 2000–2001 में कक्षा–6 में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या 2031 थी जिनमें से वर्ष 2002–2003 में कक्षा–8 में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या 1747 रही अतः तालिका में वर्णित आंकडों के अनुसार उच्च प्राथमिक स्तर की ड्रापआउट दर 14 प्रतिशत रही । इस दर को प्रतिवर्ष कम करते हुए वर्ष 2006–2007 तक शून्य करने का प्रयास किया जायेगा ।

प्राथमिक विद्यालय सारिणी–4.1

प्राथमिक स्तर पर नामांकन के लक्ष्य

वर्ष	6–11 वर्ग के कुल बच्चों की संख्या	कुल नामांकित बच्चों की संख्या	मान्यता/गैर मान्यता प्राप्त नामांकित बच्चों की संख्या	परिषदीय नामांकित बच्चों की संख्या	विद्यालय से बाहर (जो बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं)	एम0ई0आर0
1	2	3	4	5	6	7
2001–2002	169244	166890	89887	77003	2354	98.60
2002–2003	171837	171837	92361	79476	–	100
2003–2004	174521	174521	93703	80818	–	100
2004–2005	177247	177247	94703	22544	–	100
2005–2006	180015	180015	95403	84612	–	100
2006–2007	182829	182829	95403	87426	–	100
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	–	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	–	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	–	[illegible]

11--14 वयवर्ग उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर नामांकन के लक्ष्य– तालिका -4.2

2001–2002	72398	70310	63408	6902	2088	97.11
2002–2003	73478	72478	651492	7986	1000	98.63
2003–2004	74595	74595	65551	9044	–	100
2004–2005	75729	75729	66118	9611	–	100

2005–2006	76881	76881	66694	10187		100
2006–2007	78052	78052	67279	10773	–	100
					–	
					–	
					–	

(वर्ष 2001–2007तक ड्राप आउट शून्य करते हुए) सारिणी–4.3

वर्ष	नामांकन	ड्राप आउट	प्रभावी परिषदीय
2001–2002	77003	28.36	55164
2002–2003	79476	24	60401
2003–2004	80818	20	64654
2004–2005	82544	13	71813
2005–2006	84612	8	77843
2006–2007	87426	4	83928
		–	
		–	
		–	

अध्याय–5

समस्याऐं व रणनीतियां

सर्व शिक्षा अभियान एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है इस अभियान को 2001–2002 से 2009–2010 तक चलाया जाना है यह एक दीर्घकालिक कार्यक्रम है जिसके अन्तर्गत पूर्वनिर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए निम्न प्रयास किये जायेंगे

1. विद्यालय से बाहर 6–14 वयवर्ग के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा की मुख्य धारा में लाना
2. बच्चों को विद्यालय एवं वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में प्रवेश के बाद स्कूली शिक्षा को पूर्ण कराने हेतु ठहराव सुनिश्चित करना
3. शिक्षा में गुणवत्ता बनाये रखने के लिए अध्यपक प्रशिक्षण/शिक्षा मित्रों का प्रशिक्षण,निर्धारित पैरामीटरों के आधार पर विद्यालयों का निरीक्षण/पर्यवेक्षण कराया जाना

जनपद में अलग अलग समूहों में किये गये विचारों का व्यवहारिक एवं सन्तुलित रणनीति बनायी गयी है इनमें छात्र नामांकन अतिरिक्त अध्यापकों की नियुक्ति ,नवीन भवनों का निर्माण जीर्ण भवनों की लघु व वृहत मरम्मत हैन्डपम्पों की व्यवस्था, शौचालयों का निर्माण , विद्यालयों का आकर्षीकरण,विद्यालय का सुदृढीकरण हेतु प्रयास किये जायेंगे।

समस्याएं	रणनीति
1. <u>(अ)पहुंच के विस्तार सम्बन्धी</u>	
आर्थिक एंव सामाजिक पिछडापन	बच्चो और अभिभावको की सोच मे परिर्वतन लाने के लिये प्रयास किये जाएगे इस कार्य के लिये महिला मंगल दल, नेहरु युवा केन्द्र, ए0 एन0 एम0 (प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र), जन समपर्क,ग्राम शिक्षा समितियो की सकिय सहभागिता तथा जागरुक नागरिको के सहयोग से सुधार लाने के प्रयास किये जाऐगे ऐसा करने से बच्चो के नामांकन मे बढोतरी होगी और शालात्यागी बच्चो की सख्या मे कमी आएगी
शिक्षा की उपादेयता के सन्दर्भ मे समाज मे भ्रान्ति	उच्च प्राथमिक विद्यालय मे व्यवसायिक शिक्षा के कार्यूमो को जोडा जायेगा जिससे विद्यार्थियो को स्वावलम्बन एंव करके
1 समाजोपयोगी कार्यों का न होना	सीखने की प्रवृति का विकास हो सके ।विश्ोष्कर ग्रामीण अंचल
2 जीवन कौशल हेतु किशोरी अभाव	की बालिकाओं के लिये सिलाई, कढाई, फल *केंन्द्रों का* संरक्षण, बुनाई, स्थानीय काफट,(टोकरी व आसन बनाना),नगर क्षेत्र के निकट मेंहदी,ब्यूटी पार्लर,सिलाई,कढाई,बुनाई,चटाई निर्माण,जूटकपडेके बैग आदि सिखाने का प्राविधान किया जायेगा।
असेवित एवं मलिन बस्तियों में विद्यालय सुविधा का न होना	1.5 कि0मी0 तथा 300 से अधिक की आबादी वाले ग्रामों /बस्तियों में प्राथमिक विद्यालय स्थापित किये जायेंगे
1 भटटों पर शिक्षा सुविधा का	

न होना भटटों पर बच्चों के लिए मानक अनुसार ई0जी0एस0 केन्द्र

2 घुमन्तु परिवारें का खोले जायेंगे तथा 9–14 वयवर्ग तक के बच्चों के लिए ए0आई0ई0

एक स्थान पर न ठहर पाना केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। नगर क्षेत्रों में द्विपाली योजना एवं

किराये के भवनों में चलने वाले विद्यालय जहां छात्र संख्या कम है

उन्हें असेवित मलिन बस्तियों में स्थानान्तरित कर पुनर्स्थापित किया

जायेगा। विद्यालय की पुर्नस्थापना हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए

(डी0आर0डी0ए0) का सहयोग लिया जायेगा।

भौगौलिक कठिनाई जैसे भौगौलिक कठिनाई को दूर करने के उददेश्य से मानक के अनुसार

नदी,नाले,जंगल आदि के शिक्षा गारन्टी योजना एवं वैकल्पिक /नवाचार शिक्षा के केन्द्र खोले

कारण शिक्षा में अवरोध जायेंगे तथा कालान्तर में शिक्षा की मुख्य धारा से उन्हें जोडा

जायेगा

विद्यालयों में भौतिक संसाधनों छात्रों की संख्या के आधार पर विद्यालय में वांछित अतिरिक्त कक्षा

का अभाव कक्षों का निर्माण कराया जायेगा जिन विद्यालयों में पेयजल,शौचालय

1 चाहर दीवारी का न होना चाहर दीवारी की व्यवस्था करायी जायेगी उच्च प्राथमिक विद्यालयों

2 शौचालय का अलग–2 न होना में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था की जीयेगी

3 उच्च प्राथमिक विद्यलयों की कमी

(ब) नामांकन सम्बन्धी 6–11 वयवर्ग तथा 11–14 वयवर्ग के नये बच्चों को सम्बन्धित

1 आर्थिक कारण प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के

2 प्रचलित सांस्कृतिक कारक माध्यम से नामांकित कराया जायेगा बालिकाओं के नामांकन पर

व अन्ध विश्वास	विशेष बल दिया जायेगा
3 बालिकाओं के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार	शालात्यागी एवं कामकाजी बच्चों को विद्याकेन्द्रों के माध्यम से वापस विद्यालयों में लाया जायेगा
4 बालिकाओं का घरेलु कामकाज में रहना	बालिकाओं को कार्य अनुभव सम्बन्धी कोर्स विद्यालय में कराये जायेंगे *लगे*

(स) ठहराव सम्बन्धी

1 विषयदक्ष अध्यापकों की कमी	महिला अध्यापकों (विषय दक्ष) को रखा जायेगा
2 शिक्षा के प्रति अभिभावकों में जागरुकता का अभाव	ग्राम शिक्षा समितियों के द्वारा व्यापक जनसम्पर्क करके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरुक बनाया जायेगा जिससे कि अभिभावक जान सके कि प्राथमिक शिक्षा को अब मौलिक अधिकार बना दिया गया है इसके अभाव में अभिभावक के विरुध की जाने वाली किसी भी कार्यवाही का दायित्व स्वं अभिभावक का होगा
विद्यालय का शैक्षिक वातावरण का दूषित होना	बच्चों को विद्यालय में पढाई रोचक लगे इसके लिए विद्यालय का शैक्षिक वातावरण शिक्षणअधिगम सामग्री के माध्यम से आसान व बोधगम्य बनाया जायेगा
शिक्षक का व्यवहार सम्बन्धी	विद्यालय में अध्यापकों का व्यवहार अभिभावक व समाज के प्रति
1 अभिभावकों के साथ व्यवहार अच्छा न होना	सौम्य हो इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा

2 छात्रों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार	अध्यापकों को जेण्डर संवेदीकरण प्रशिक्षण दिया जायेगा
अध्यापकों की कमी सम्बन्धी	विद्यालयों में अध्यापकों की छात्र संख्या के अनुसार कमी दूर की
1 विषयदक्ष अध्यापकों का न होना	जायेगी तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विषय अध्यापकों की कमी
2 उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक	दूर की जायेगी
अभाव सम्बन्धी	
(द) गुणवत्ता सम्बन्धी समस्या	अध्यापकों को पाठयवस्तु को कक्षा में प्रभावपूर्ण तरीके से छात्रों के
1 समयासारिणी के अनुसार शिक्षण	समक्ष प्रस्तुत करने के लिए गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा
का न होना	
2 सहपाठोत्तर कियाकलापों के	अध्यापक को अधिकतम शैक्षिक कार्यदिवसों में कार्य करने के लिए
समयसारिणी में स्थान कम देना	प्रेरित किया जायेगा तथा अध्यापक डायरी अध्यापन के अनुसार
3 शिक्षण प्रगति का नियमित रिकार्ड	लिखना अनिवार्य बनाया जायेगा तथा अधिक से अधिक शैक्षिक
न रखना	कार्य करने वाले अध्यापकों को शिक्षा समिति के माध्यम से पुरुस्कृत
4 अभिभावकों को बच्चों की प्रगति से	कराया जायेगा
अवगत न कराना	
5 सतत मूल्यांकन का अभाव	अध्यापकों को मूल्यांकन सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया जायेगा
(ध) संस्थागत क्षमता सम्बन्धी समस्या	एन0पी0आर0सी0,बी0आर0सी0 के समन्वयकों को ,प्रति विद्यालय
1 एन0पी0आर0सी0 समन्वयकों का	निरीक्षक,स0बेसिक शिक्षा अधिकारी,डायट मेन्टर एवं अन्य विभागीय
दक्ष न होना	अधिकारियों के माध्यम से विद्यालयों को उच्च श्रेणी में वर्गीकृत कर

2 विद्यालयों का 'ए' श्रेणी में न होना	निरन्तर उसी श्रेणी में बनाय रखा जायेगा ताकि विद्यालयों में शैक्षिक
3 सतत मूल्याकन हेतु अध्यापकों का	सम्प्राप्ति का स्तर अच्छा बना रहे अन्त में यह भी सूच्य है कि
अप्रशिक्षित होना	जनपद की बदलती हुई आवश्यकताओं के अनुरुप इसमें समय के
	साथ परिवर्तन किया जायेगा

अध्याय–6

शिक्षा की पहुँच का विस्तार

जनपद में शिक्षा की पहुँच का विस्तार करने के लिये शैक्षिक प्रावधान करना आवश्यक होता हैं जनपद में डी0पी0ई0पी0 के माध्यम से वर्ष 2000–01 में चार नवीन प्राथमिक विद्यालय का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा चालीस जर्जर विद्यालयो का जीर्णोद्धार कराया जा चुका है । वर्ष 2001–2002 में तीन प्राथमिक विद्यालय तथा वर्ष 2002–03 में पांच प्राथमिक विद्यालय खोले गये है। वर्ष 2003–04 में 11 प्राथमिक विद्यालय खोलने हेतु स्थल चयन किया जा रहा है।

नवीन प्राथमिक विद्यालय की स्थापना – जनपद में सभी 287 बस्तियां प्राथमिक विद्यालयों से सेवित हो चुकी है इसलिए वर्ष 2003–04 के बाद कोई नवीन प्राथमिक विद्यालय नहीं खोला जायेगा

तालिका–6.2

वर्ष	2002–2003	2003–2004	योग
प्राथमिक विद्यालय	5	11	16
उच्च प्राथमिक विद्यालय	13	25	38

नवीन उच्च विद्यालय स्थापना

मानक के अनुसार ऐसे असेवित ग्राम/बस्तियों जहां की आबादी 800 से अधिक तथा दूरी 3 कि0मी0 से अधिक हे पर उच्च प्राथमिक विद्यालय खोले जायेंगे जनपद में माईक्रोप्लानिंग के आधार पर 38 बस्तियां ऐसी हैं जिनमें उच्च प्राथमिक विद्यालयों

की सुविधा उपलब्ध नहीं है सर्व शिक्षा अभियान के मानक के अनुसार कक्षा–8 तक की शिक्षा सुलभ कराने के उददेश्य से दो प्राथमिक विद्यालयों में एक उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रस्तावित है जनपद में कुल 38 उच्च प्राथमिक विद्यालय खोलना प्रस्तावित है । इनमें से वर्ष 2002–03 के 13 विद्यालयों का निर्माण प्रारम्भ हो चुका है तथा वर्ष 2003–04 के 25 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के स्थल चयन हेतु कार्यवाही की जा रही है। सभी बस्तियां सेवित हो जाने के कारण नवीन उच्च विद्यालयों की मांग नहीं की गयी है।

विद्यालय स्थल चयन के साथ ही भूमि की व्यवस्था उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण सर्वशिक्षा अभियान के मानक के अनुसार दो प्राथमिक विद्यालयों में से एक प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में कराया जायेगा जिसमें भूमि उपलब्ध होगी जहां बच्चे सुविधानुसार पहुंच सकें निर्माण हेतु धनराशि ग्राम शिक्षा समिति को उपलब्ध करायी जायेगी भवन के साथ–साथ विद्यालय के प्रांगण में शौचालय हैन्ड पम्प चाहर दीवारी की व्यवस्था भी की जायेगी

शिक्षक व्यवस्था

प्रत्येक नवीन प्राथमिक विद्यालय में एक प्रधान अध्यापक व एक सहायक अध्यापक की व्यवस्था प्रस्तावित है जो छात्र संख्या के अनुपात में बढाई जायेगी

प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक प्रधान अध्यपक तथा चार सहायक अध्यपक सहित कुल पांच अध्यापकों की व्यवस्था प्रस्तावित है इन अध्यापकों में से विषय अंध्यापक व दो महिला अध्यापिका होंगी।

प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की वर्तमान स्थिति एवं आगामी वर्षों में शिक्षकों की आवश्यकता

तालिका–6.4

क0सं0	वर्ष	परिषदीय कुल नामांकित बच्चे	वर्तमान शिक्षक		योग (3+4)	40:1 दर से शिक्षक	आवश्यक शिक्षक
	1	2	3	4	5	6	7
1	2001–2002	77003	1845	0	1845	1925	80
2	2002–2003	80081	1885	40	1925	2002	77
3	2003–2004	82563	1924	78	2002	2064	62
4	2004–2005	84214	1955	109	2064	2105	41
5	2005–2006	85899	1976	129	2105	2147	42
6	2006–2007	87617	1997	150	2147	2190	43
7	2007–2008	89369	2019	171	2190	2234	44
8	2008–2009	91156	2041	193	2234	2279	45
9	2009–2010	92979	2063	216	2279	2324	45

तालिका–6.5

क0सं0	वर्ष	कुल आवश्यकता	नवीन प्रा0वि0 के शिक्षक (प्र0अ0+शिक्षा मित्र)	अन्य शिक्षक	अन्य शिक्षा मित्र	क्रमागत शिक्षक	क्रमागत शिक्षा मित्र
	1	2	3	4	5	6	7

1	2001–2002	80	0	40	40	40	40
2	2002–2003	77	20	29	28	79	78
3	2003–2004	62	10	26	26	110	109
4	2004–2005	41	0	21	20	131	129
5	2005–2006	42	0	21	21	152	150
6	2006–2007	43	0	22	21	174	171
7	2007–2008	44	0	22	22	196	193
8	2008–2009	45	0	22	23	218	216
9	2009--2010	45	0	23	22	241	238

उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की वर्तमान स्थिति एवं आगामी वर्षो में शिक्षकों की आवश्यकता

तालिका–6.6

क0स0	वर्ष	परिषदीय कुल विद्यालय	नवीन विद्यालय	1:5 शिक्षक	वर्तमान शिक्षक	आवश्यक शिक्षक
	1	2	3	4	5	6
1	2001--2002	75	0	375	370	5
2	2002–2003	75	10	425	375	50
3	2003–2004	85	10	475	425	50
4	2004–2005	95	10	525	475	50

5	2005–2006	105	12	585	525	60
6	2006–2007	117	0	585	585	0
7	2007–2008	117	0	585	585	0
8	2008–2009	117	0	585	585	0
9	2009–2010	117	0	585	585	0

तालिका–6.7

क्र0सं0	वर्ष	परिषदीय कुल विद्यालय	नवीन विद्यालय	1:4 शिक्षक	वर्तमान कक्षा–कक्ष	आवश्यक कक्षा–कक्ष
	1	2	3	4	5	6
1	2001–2002	75	0	300	284	16
2	2002–2003	75	10	340	300	40
3	2003–2004	85	10	380	340	40
4	2004–2005	95	10	420	380	40
5	2005–2006	105	12	468	420	48
6	2006–2007	117	0	468	468	0
7	2007–2008	117	0	468	468	0
8	2008–2009	117	0	468	468	0
9	2009–2010	117	0	468	468	0

विद्यालय साजसज्जा

प्रत्येक नवीन प्राथमिक विद्यालय को सुसज्जित करने के लिएमानक के अनुसार निर्धारित धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी इस धनराशि से निम्न सामग्री को क्रय किया जायेगा मेज, कुर्सी, बाल्टी, लोटा, गिलास, टाट पटटी, अलमारी, संदूक, श्यापट, कूडादान, म्यूजिकल ईक्यूपमेंट, खेल सामग्री, क्लास रुम, अध्यापन सामग्री उपरोक्त की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करायी जायेगी।

प्रत्येक नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय को सुसज्जित करने के लिए मानक के अनुसार निर्धारित धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी इस धनराशि का उपभोग उ0प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना की भांति ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से कराया जायेगा इसी प्रकार सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में साजसज्जा एवं शिक्षण सामग्री की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति द्वारा करायी जायेगी इस धनराशि से निम्न सामग्री को क्रय किया जायेगा मेज, कुर्सी, बाल्टी, लोटा, गिलास, टाट पटटी, अलमारी, संदूक, श्यापट, कूडादान, म्यूजिकल ईक्यूपमेंट, खेल सामग्री, क्लास रुम, अध्यापन सामग्री उपरोक्त की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करायी जायेगी।

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में काष्टोपकरण शिक्षण सामग्री खेल सामग्री पुस्तकालय, हेतु पुस्तकों की व्यवस्था सामग्री की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करायी जायेगी।

पेयजल, शौचालय एवं चाहरदीवारी

नवीन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हेतु इण्डिया मार्क–11 हैन्डपम्प स्थापित कराया जायेगा प्रत्येक विद्यालय में बालक व बालिकाओं के लिए प्रथक–प्रथक निर्माण कराया जाएगा बालिकाओ

की सुरक्ष को दृष्टिगत रखते हुऐ विद्यालय प्रांगण को सुसज्जित रखने के उददेश्य से चहार दीवारी का निमार्ण्ण कराया जाएगा इन सुविधो की लागत नवीन विद्यालयो की यूनिट काष्ट में शामिल किया गया है।

निर्माण कार्यदायी संस्था

सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत विद्यालय का सम्पूर्ण निमाण कार्य ग्राम शिक्षा समिति द्वारा कराया जाएगा इसके अतिरिक्त भी सामूदायिक सहभागिता एंव विद्यालय के प्रति स्व की भावना को जागृत करने के उददेश्य से विद्यालय भवनो के निगार्ण के उददेश्य रो ग्राग शिक्षा रागिति को दायित्व सौपा जाऐगा । प्रतिवर्ष सार्वेक्षण करा कर कग लागत के भवनों के निर्गाण को वरीयता देकर पूर्ण कराया जायेगा। नवीन उच्च प्राथगिक विद्यालयों का निर्माण प्राथगिक विद्यालय के परिसर में ही कराया जायेगा। ऐसा करने से निर्माण लागत में कमी आयेगी

वर्ष 2005-06 में .....04..... प्राथमिक एवं .....04..... उच्च प्राथमिक विद्यालयों का आकंलन प्रस्तावित है।

एम.आई.एस. एवं नवीन सर्वे के अनुसार प्राथमिक स्तर पर शौचालय की आवश्यकता का प्रस्ताव निम्नवत् है। २००२-०३ में १५ शौचालय प्राप्त हो चुके है कुल लक्ष्य २१५ का है।

वर्ष	प्रस्तावित लक्ष्य	
2004-05	100	
2005-06	50	
2006-07	50	
योग	२००	

अध्याय –7

शिक्षा की पहुॅच का विस्तार– ।।

शिक्षा गारण्टी योजना तथा वैकल्पिक शिंक्षा योजना एंव शौक्षिक नवाचार

सर्व शिक्षा अभियान में अनौपचारिक शिक्षा के स्वरुप को परिवर्तित करते हुये शिक्षा गारण्टी योजना/वैकलिप्क शिक्षा एंव नवाचार शिक्षा को संचालित किया जा रहा हैं ।

अनौपचारिक शिक्षा की संक्षिप्त रुपरेखा

प्राथमिक शिक्षा के सार्वव्यापीकरण करने के लक्ष्य को शतप्रतिशत प्राप्त करने के लिये पिछले कई वर्ष से सरकार ने विशेष प्रयास किये थे तथा देश की बढती हुई जनसख्या के फलस्वरुप प्राथमिक शिक्षा की बढती हुई आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु औपचारिक प्राथमिक विद्यालय के साथ साथ वर्ष 1997–80 से पूरे देश में अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम भी चलाया गया इसके अर्न्तगत 6–11 आयु वर्ग के ऐसे बच्चो को जो विद्यालय नहीं जा पाऐ है या उनके क्षेत्र में विद्यालय उपलब्ध नही हैं या किन्ही कारण वश विद्यालय छोड देना (ड्राप आउट होना) पडा हो तथा कुछ बाधओ वश विद्यालय न जा सकी बालिकाओ को और कामकाजि बच्चो को औपचारिक शिक्षा के समतुल्य शिक्षा उपलब्ध करायी गयी । यह योजना शैक्षिक दृष्टि से पिछडे राज्य में , शहरी मलिन बस्तियो ,पर्वतीयो जन जातियो और रेगिस्तानी क्षेत्रो में विशेष रुप से चलाई गई। अनौपचारिक शिक्षा योजना सहशिक्षा वाले अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो हेतु 60 :40 तथा बालिकाओ के लिये केन्द्रो को संचालित करने हेंतु 10:10 के अनुपात में केन्द्र और समबन्धित राज्य द्वारा प्रदत आर्थिक सहायता से चलाई गयी

उ0 प्र0 में यह कार्यक्रम सभी जनपदो में संचालित किया गया प्रदेश में कुल 591 परियोजनाऐ संचालित रही। प्रत्येक परियोजना में 100 अनौपचारिक प्रतिवर्ष संचालित किये गयें । जिसको पूरा करने के पश्चात बालक कक्षा 5 की परिक्षा उत्तीर्ण करके कक्षा 6 में प्रवेश ले कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोडा गया । प्रत्येक केन्द्र पर 25 बच्चे नामांकित किये गये जिनमें बालिकाओ के पंजीकरण पर विशष ध्यान दिया ।

जनपद बागपत के 6 विकास खण्डो में अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र संचालित किये गये ।

उपलब्धि–

प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण की दृष्टि से अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम से उपलब्धिया रही है परन्तु जिस आशा से यह कार्यक्रम संचालित किया गया था उतनी उपलब्धिया नही रही ।

विश्लेषण–

प्रति योजना 100 केन्द्र संचालित किये गये। प्रत्येक केन्द्र में 25 बच्चो के नामंकन का लक्ष्य था। इस प्रकार एक परियोजना में 2500 छात्रो का नामकंन 2 वर्षो के लिये किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य ड्रापआउट बालक को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडना था । जो कि इतने व्यय के बाद भी सम्भव नही हो सका ।

जनपद में संचालित डी.पी.ई.पी. ।।।/सर्व शिक्षा अभियान में प्रस्तावित ई.जी.एस. केन्द्र

जनपद में डी.पी.ई.पी. ।।। में स्वीकृत केन्द्रों की संख्या 130 है जिनमें से ई.जी.एस. के 57 केन्द्र तथा ए.आई.ई. उच्च प्राथमिक स्तर के 18 केन्द्र स्वीकृत हैं वर्ष 2003–04 में 57 ई.जी.एस. केन्द्र तथा 73 ए.एस. प्राथमिक स्तर के हैं इनमें मकतव/मदरसा भी सम्मिलित हैं। संचालित केन्दों का विवरण निम्नवत है।

विद्या केन्द्र वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र एवं ए.आई.ई. केन्द्र की स्थिति वर्ष 2003–04

क0स0	वर्ष	स्वीकृत सख्या			संचालित संख्या			कार्यरत संख्या	
		विद्या के0	वै0शि0के0	ए.आई.ई.	विद्या के0	वै0शि0के0	ए.आई.ई.	आचार्य	अनुदेशक
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	2000–2001	33	7	–	33	7	–	33	7
2	2001–2002	24	66	–	24	66	–	24	66
3	2002–2003	57	73	–	57	73	–	57	73
4	2003–2004	57	73	18	57	73	18	57	73+18

नोट– 18 ए.आई.ई. केन्द्र उच्च प्राथमिक स्तर के हैं।

माइक्रोप्लानिंग–

जनपद बागपत के ग्रामीण क्षेत्रो में सर्वे के द्वारा ज्ञात हुआ की बागपत में ईट भट्टो की संख्या लगभग 300 हैं जिनमें बाल श्रमिको की संख्या अधिक है तथा अल्पसंख्यक समुदाय में भी अधिकत्तर बच्चे विद्यायल नही जातें । नियोजन हेतु निम्न विवरण के अनुसार प्राथमिकता दी जाऐ।

1 अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र

2 ऐसे क्षेत्र जहां बालिकाओ के नामाकंन का प्रतिशत कम हो

3 ऐसे क्षेत्र जहॉ पर ड्रापआउट के कारण विद्यालय न जाने वाले बच्चो की सख्या अधिक हो

4 ऐसे क्षेत्र जहॉ स्ट्रीट चिल्ड्रन ,बाल श्रमिक ,घुमंतू एंव खतरनाक /गैर खतरनाक उद्योगो में लगें बच्चो की संख्या सर्वा अधिक हो ।

शिक्षा गारण्टी योजना ;म्ळैद्धरू.

इस योजना के अन्तर्गत 6–8 वयवर्ग में पंजीकृत कराया जायेगा । ऐसे ग्राम/बस्ती/मजरो/ टोले/मुहल्ले जो विद्यालय से 1 किमी 0की परिधि के बाहर है तथा 6–8 वय वर्ग के 30 बच्चे उपलब्ध हों । वहॉ पर इस प्रकार के केन्द्रो की स्थापना की जाऐगी । इन केन्द्रों मे कक्षा 01 से कक्षा 02 तक की पढाई होगी । इन केन्द्रो का संचालन 'सर्वशिक्षा अभियान' के अन्दर चिन्हित 'स्टेट सोसाइटी' उ0 प्र0 सभी के लिये शिक्षा परियोजना परिषद निशंतगंज लखनउ द्वारा किया जायेगा । इन केन्द्रो पर 01 अनुदेशक प्रति केंद्र प्रस्तावित है ।

वर्ष–2003–2004 में विद्याकेन्द्रों वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र, मकतव/मदरसा की स्थापना की गयी जिनमें लाभान्वित होने वाले 6–11 वयवर्ग के बच्चों की संख्या

वर्ष 2003–2004 में 6–14 वयवर्ग के केन्द्रों में नामांकित बच्चों का विवरण

क0स0	केन्द्र का प्रकार	स्वीकृत संख्या	संचालित संख्या	नामांकित बच्चों का विवरण		
				बालक	बालिका	योग
1	ई.जी.एस.	57	57	876	791	1662
2	वै.शि.केन्द्र	38	38	416	425	841
3	मकतव	35	35	824	790	1614
4	ए.आई.ई.	18	18	–	–	–

स्रोत–बी0एस0ए0 कार्यालय बागपत

ब्लाक वार स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या 2003

आधार–परिवार सर्वेक्षण 31.08.2003 की स्थिति जनपद–बागपत

विकास खण्ड	चिन्हित बच्चे	नामांकित बच्चे	अवशेष बच्चे
बागपत	5909	5421	488
बडौत	7847	7085	762
बिनौली	6006	5193	813
छपरौली	5434	4968	466
खेकडा	5875	5369	506
पिलाना	4318	3563	755
योग	35399	31593	3806

विद्यालय न जाने वाले बच्चों तक शिक्षा की पहुंच के लिए ब्रिज कोर्स, वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र ,विद्या केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है।

वैकल्पिक एंव नवाचार शिक्षा ; ।प्म्द्ध कार्यक्रम –

डापआउट होने के पलस्वरूप तथा अधिक आयु हो जाने के कारण झेंप/मनोवैज्ञानिक दबाव के कारण प्राथमिक शिक्षा से वंचित बच्चे विशेषकर काम काजी तथा बालश्रमिक एव नवाचार शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने के लिये वैकल्पिक एंव नवाचार शिक्षा केन्द्रो की स्थापना की जायेगी ।जिन ग्राम/बस्ती/मजरो/टोले मुहल्ले में 15 वालक/बालिका शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित होंगे वहीं पर ए0 आइ0 ई0 केन्द्रो की स्थापना की जाऐगी । ये केन्द्र प्राथमिक

एंव उच्च प्राथमिक दोनो स्तरो पर चलाये जायेगें । प्राथमिक स्तर के केन्द्र में 01 अनुदेशक एंव उच्च प्राथमिक स्तर पर 02 अनुदेशकों की व्यवस्था प्रस्तावित हैं

शिक्षा गारंटी केन्द्र (ई0 जी0 एस0) ,वैकल्पिक एंव नवाचार केन्द्रो का स्वरुप –

उपरोक्त असेवित बस्तियॉ एंव शालात्यागी छात्र/छात्राओं के लिएं शिक्षा गारंटी केन्द्र, वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्र चरणबद्ध रुप से खोले जाने प्रस्तातिव हैं ।

शिक्षा गारंटी योजना तथा वैकल्पिक एंव नवाचार शिक्षा केन्द्रो का संचालन समय विशेष परिस्थितियो को छोडकर केन्द्रो के संचालन का समय देर शाम एंव रात्रि में नहीं रखा जायेगा । ये केन्द्र प्रतिदिन 04 घंटे संचालित किये जायेगें ।

बालिकाओं के लिए वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र –

जिन ग्राम/वस्ती/मजरो/टोले मुहल्ले में बालिका साक्षरता दर न्यूनतम है । ऐसे ग्रामों में बालिका वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोले जायेगें तथा महिला अनुदेशिका की व्यवस्था की जायेगी । इसमें सामुदायिक सहभगिता, कलाजत्था, महिला मंगल दल मॉ–बेटी मेंला, किशोरी संघ, आदि के सहयोगी से चेतन जागृति एंव बालिका शिक्षा में रुचि को बढाने का प्रयास किया जायेगा तथा न्यूनतम महिला साक्षरता के आधार पर शिक्षण केन्द्र खोले जाऐगे ।

अल्पसंख्यकों के लिए वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र–

जनपद का अधिकांश 6–14 वर्ग का निरक्षर बच्चा अल्पसंख्यक समुदाय से सम्बन्धित है जो केवल मकतव में धार्मिक शिक्षा ग्रहण करता है । इस कार्यक्रम में मकतवें मदरसों में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोलने का प्रस्ताव है । इन मकतवें/मदरसो में उसी धर्म का व्यक्ति यदि हाईस्कूल उत्तीर्ण है तो उसे अनुदेशक के रुप चिहिन्त किया जाऐ और वहां पर निःशुल्क बेसिक शिक्षा की पाठय पुस्तकें उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोडा जायेगा । इनका चयन

मक्तव कमेटी/ग्राम शिक्षा समिति के अनुमोदन से किया जायेगा । अल्पसंख्यक आबादी वाले विकास खण्डों में केन्द्र खोले जायेगे । सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2002–2003 में 40 तथा 2003–2004 में 10 मक्तव/मदरसा का सुद्धीकरण किया जाना प्रस्तावित है विकास खण्डवार सूची इस प्रकार है

मक्तव/मदरसों की सूची तालिका–7.5

क्र0सं0	विकास खण्ड	मक्तव/मदरसों का नाम
1	बागपत	मसीहुल उलूम बागपत
2	बागपत	जामी उलूम अशरफिया बागपत
3	बागपत	पीरवाला मदरसा बागपत
4	बागपत	राजपूतों वाला मदरसा बागपत
5	बागपत	मदरसा निवाडा
6	बागपत	मदरसा दोझा
7	बागपत	मदरसा सरुरपुर
8	बागपत	मदरसा टटीरी
9	खेकडा	इस्लामिया मदरसा खेकडा
10	खेकडा	बडी मस्जिद मक्तव खेकडा
11	खेकडा	मक्तव काठा
12	खेकडा	मक्तव ललियाना
13	खेकडा	हरचन्दपुर मक्तव
14	खेकडा	मदरसा मुबारिकपुर

15	खेकडा	मदरसा सरफाबाद
16	खेकडा	मदरसा विनयपुर
17	बडौत	मदरसा नूरिया बडौत
18	बडौत	मदरसा कासिम उलूम बडौत
19	बडौत	मदरसा इदारा बडका रोड बडौत
20	बडौत	मदरसा इदरीशपुर
21	बडौत	मदरसा ओसिका
22	बडौत	मदरसा पठानकोट
23	बडौत	मदरसा हरीमस्जिद बडौत
24	बडौत	मदरसा स्टेशन बडौत
25	बिनौली	मदरसा बिनौली
26	बिनौली	मदरसा बिनौली पलडा
27	बिनौली	मदरसा बरनावा
28	बिनौली	मदरसा दाहा
29	बिनौली	मदरसा टीकरी
30	बिनौली	मदरसा दोघट
31	बिनौली	मदरसा फौलाद नगर
32	बिनौली	मदरसा मिलाना
33	बिनौली	मदरसा बोपुरा
34	बिनौली	मदरसा पिचौकरा
35	बिनौली	मदरसा शेखपुरा

36	थ्वनौली	मदरसा मालमाजरा
37	पिलाना	मदरसा बिलौचपुरा
38	पिलाना	मदरसा बसौद
39	पिलाना	मदरसा डौला
40	पिलाना	मदरसा गौसपुर
41	पिलाना	मदरसा अमीनगर सराय
42	पिलाना	मदरसा ढिकौली
43	पिलाना	मदरसा लुहारा
44	पिलाना	मदरसा दौलतपुर
45	पिलाना	मदरसा सिंघावली
46	छपरौली	मदरसा आदर्श नगला
47	छपरौली	मदरसा छपरौली
48	छपरौली	मदरसा बराल
49	छपरौली	मदरसा असारा
50	छपरौली	मदरसा टांडा

विकलांग बच्चो के लिए वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र–

जनपद बागपत में न पढने बाले विकलांग बच्चों की संखा ज्ञात करनें के लिये सर्वे कराया जा रहा है इसके ऑकडे कुछ ही समय में प्राप्त हो जायेगे तथा उनके लिये विकास खण्डवार चिन्हांकन कर प्राथमिकता के आधार पर ई0 जी0 एस0 एवं ए0 आई0 ई0 केन्द्र की स्थापना की जायेगी ।

विकलांग बच्चों के लिए वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र पर अधिकतम 14 वर्ष के स्थान पर 18 वर्ष की आयु तक रखने का प्रावधान है । इसमें न्यूनतम छात्र संख्या को 15 से कम भी किया जाने का प्रस्ताव है । जिस ग्राम/बस्ती/मजरे/टोले/मुहल्ले में विकलांग बच्चे हैं उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखकर छात्रा संख्या एंव उम्र में पूरी छूट दिया जाये प्रस्तावित है कोई भी विकलांग शिक्षा से वंचित न रह जाय असं बात का पूर्ण प्रयास किया जायेगा । चलने में यदि असमर्थ है तो या तो उसके घर पर केन्द्र खोला जायेगाा अथवा साइकिल अथवा वैसाखी उपकरणो की आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध करना प्रस्तावित है ।

ब्रिज कोर्स ग्रीष्म कालीन/क्षेत्र आधारित कोर्स :–

ब्रिज कोर्स/ग्रीष्मकालीन/क्षेत्रा आधारित शिविरः–

सडक/प्लेटफार्म, मलीन बस्तियों, दुकानों, घुमान्तू बच्चो, नौकरी पेशा, कुलीगिरी करने वाले बच्चो तथा ऐसे बच्चों जिनके अभिभावक जेल में है अथवा बाल श्रमिको/खतरे के उद्योगो में लगे बच्चे जिनका वय वर्ग 9–14 है, के ब्रिज कोर्स/ग्रीष्मकालीन/क्षेत्र विशिष्ठ आधारित शिविर संचालित किये जायेगें । जनपद बागपत में भट्टो की संख्या सर्वाधिक है अतः 42 ब्रिज कोर्स खोला जाना प्रस्तावित है । जनपद बागपत के 6 विकास खण्डों में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2003–2004 में प्रत्येक विकास खण्ड की प्रत्येक न्यायपंचायत में एक–एक ब्रिज कोर्स वर्ष 2006 तक संचालित किया जायेगा।

प्रस्तावित ब्रिज कोर्स की सूची– तालिका–7.6

क0 सं0	विकास खण्ड	प्रस्तावित संख्या
1	बागपत	7
2	बडौत	9

3	बिनौली	10
4	पिलाना	8
5	खेकड़ा	7
6	छपरौली	5

इन ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन/क्षेत्र विशिष्ठ आधारित शिविरो का मुख्य उददेश्य औपचारिक विद्यालयों से वंचित रहे इन बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जायेगा ।

प्रत्ये ब्रिज कोर्स/ग्रीष्मकालीन/क्षेत्रा विशिष्ठ आधारित शिविर में 9–14 वर्ष तक के न्यूनतम 50 बच्चे सम्मिलित किये जायेगें तथा ये शिविर आवासीय होगें । इन शिविरो में बच्चो के रहने,खाने–पीने एवं शिक्षण आदि की व्यवस्था निःशुल्क होगी । जनपद की चार न्यायपंचायतों में ब्रिज कोर्स हेतु छात्र/छात्राऐं उपलब्ध नहीं हैं इस लिए 42 न्यायपंचायतों में ब्रिज कोर्स संचालित किये जा रहे हैं।

निर्धारित मानकों के अन्तर्गत ब्रिजकोर्स/शिविरो के लिए एक (01) केयर टेकर, दो (02)पैरा टीचर, एक (01) कुक तथा एक चौकीदार की आवश्यकता होंगी और इस पर चयन मानक प्रकिया के अनुसार किया जायेगा । जिसके लिए जिला स्तरीय समिति के माध्यम से अल्पकालीन अवधि–हेतु संविदा के अन्तर्गत व्यवस्था की जायेगी। केयर टेकर/अनुदेशकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था, छात्र/छात्रा के लिये निःशुल्क शिक्षण सामग्री आदि के लिये वित्तीय मानक प्राइमरी एवअपर प्राइमरीकी भांति रखी जायेगी । केवल आवासीय व्यवस्था, खाने–पीने की निःशुल्क व्यवस्था एव साज सज्जा आदि के लिये अतिरिक्त धन की व्यवस्था की जायेगी । अतिरिक्त धन की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति/जन समुदाय का सहयोग/कुछ अंशदान प्राप्त करने का प्रयास किये जायेगे । ब्रिज कोर्स खोलने हेतु उस क्षेत्र को प्राथमिकता दी

जायेगी जहॉ पर निःशुल्क आवास व्यवस्था उपलब्ध हो सके यह भी घ्यान रखा जायेगा कि ब्रिज कोर्स विकास खण्ड/जनपद मुख्यालय में स्थापित हों ।

ब्रिज कोर्स का संचालन ग्रामीण/नगर क्षेत्र के मुख्यालय में किया जायेंगा । आवासीय व्यवस्था यदि निःशुल्क प्राप्त हो जाये तो उस क्षेत्र/स्थान को प्राथमिकता दी जायेगी ।

ब्रिज कोर्स/शिविरो की अवधि 2 माह से 18 माह तक रखी जायेगी । इस हेतु 3,000/–रु0प्रति छात्र/छात्रा अनुमन्य होगी और इसी मानक धनराशि से सम्पूर्ण व्यवस्था की जायेगी ।

परिवार सर्वेक्षण में चयनित से छूटे छात्रों हेतु ब्रिज कोर्स

क0स0	विकास खण्ड	न्यायपंचायत	ग्राम/मजरा
1	बागपत	नौरोजपुर गुर्जर	निवाडा
2	बागपत	सरुरपुर	सरुरपुर
3	बागपत	बागपत नगर	माता कालोनी
4	बागपत	बागपत नगर	पुराना कस्बा
5	बागपत	बागपत नगर	वार्ड –14,15
6	पिलाना	पिलाना	दौलतपुर
7	पिलाना	ढिकौली	ढिकौली
8	पिलाना	खटटा प्रहलादपुर	खटटा प्रहलादपुर
9	पिलाना	अमीपुर बालैनी	बस स्टेंड अमीपुर
10	पिलाना	डौला	गौसपुर
11	खेकडा	फुलेरा	छोटी सिंघैली

12	खेकडा	रटौल	शीशमहल रटौल
13	खेकडा	ललियाना	गौना
14	खेकडा	फिरोजपुर	फिरोजपुर
15	खेकडा	खेकडा नगर	वार्ड –5,6
16	खेकडा	काठा	हरिजन बस्ती काठा
17	खेकडा	बडा गांव	बडा गांव
18	छपरौली	रमाला	रमाला
19	छपरौली	चांदन हेडी	आर्य समाज बदरखा
20	छपरौली	सूप	सूप
21	छपरौली	रठौडा	शिव मन्दिर रठौडा
22	छपरौली	छपरौली टाउन	पानी की टंकी
23	बिनौली	बिनौली	पिचौकरा
24	बिनौली	टीकरी	टीकरी
25	बिनौली	बामनौली	सिरसली
26	बिनौली	दोघट	हरिजन बस्ती दोघट
27	बिनौली	बिनौली	हरिजन बस्ती बिनौली
28	बिनौली	मुलसम	हरिजन बस्ती मुलराम
29	बिनौली	बिजवाडा	बिजवांडा

30	बिनौली	गांगनौली	सूजती
31	बडौत	बरवाला	बरनावा
32	बडौत	लुहारी	जौनमाना
33	बिनौली	मवीकला	मवीकला
34	पिलाना	अमी0 सराय	अमी0 सराय हरि0बस्ती
35	पिलाना	मुकारी	मुकारी
36	पिलाना	बुढसैनी	पुरा महादेव
37	पिलाना	हिसावदा	खिदौडा
38	बडौत	बिजरौल	वाजिदपुर
39	बडौत	अगदपुर	बढावद
40	बडौत	बडका	बडौली
41	बडौत	लुहारी	जागौस
42	बागपत	मीतली	महनवा

नोट - इन ब्रिज कोर्सो के आयोजन से 2520 छात्र/छात्रा लाभान्वित होंगे।

अनुसूचित छात्र छात्राओं हेतु 07 मासिक ब्रिज कोर्स स्थल चयन सूची

क0स0	विकास खण्ड	स्थल चयन
1	बागपत	टटीरी
2	बागपत	फैजपुर निनाना

3	पिलाना	अमीनगर सराय
4	खेकडा	खेकडा
5	खेकडा	मवीकला
6	खेकडा	मवीकला
7	बिनौली	मुल्सम

उक्त ब्रिज कोर्सों के माध्यम से लगभग 280 बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जोडे जायेंगे।

विद्यालय वापस चलो शिविर (समर कैंम्प)

इस प्रकार के शिविरों का प्रमुख उददेश्य शालात्यागी बच्चों विशेषकर अनसूचित जाति की बालिकाओ को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडना है यह शिविर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक दानों के लिये ही चलाये जाने हैं शिविरों का संचालन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक दोनों विद्यालयों में होगा इन शिविरों के माध्यम से शालात्यागी बच्चों को शिक्षित करके उनके स्तर के अनुसार औपचारिक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश लेने के लिये प्रौतसाहित किया जायेगा शिविर की अवधि 10 दिन की होगी इन शिविरों में ऐसे बच्चों को भी प्रवेश दिया जायेगा जो विद्यालय से बाहर हैं और अभिप्रेरणा के अभाव में शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित रहे है इन शिविरों में बालक बालिकाओं के अभिभावकों भी आमन्त्रित किया जायेगा और साहत्यिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शैक्षिक वातावरण का निर्माण किया जायेगा जगपत बागपत में कुल 24 समर कैम्प प्रस्तावित थे वर्ष 2001–2002 में 25 समर कैम्पों के माध्यम से 1007 बच्चे तथा वर्ष 2002–2003 में 8 समर कैम्पों के माध्यम से 288 बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडा गया

विद्यालय वापस चलो समर कैम्प विवरण–

क0 स0	समर केम्प	वर्ष 2001–02	वर्ष 2002–03	वर्ष 2003–04
1	समर केम्प	25	8	–

वर्ष 2004–05 से वर्ष 2006–07 तक लगातार 6–6 समर केम्प आयोजित किये जायें

जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति का गठन–

जिला स्तर पर जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति का गठन किया जायेगा जो कालान्तर में सर्व शिक्षा अभियान को संचालित करने वाली समिति भी कही जायेगी । जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति का गठन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा जिसमें निम्न सदस्य होंगे–

1 जिलाधिकारी अध्यक्ष

2 मुख्य विकास अधिकारी उपाध्यक्ष

3 विशेषज्ञ बे0 शि0 अ0/जि0 बे0 शि0 अ0 सदस्य सचिव

4 डिरिक्ट प्रोग्राम आफिसर (ई0 जी0 एस0) सदस्य

5 प्राचार्य जिला एंव प्रशिक्षण संस्थान सदस्य

6 जिला स्तरीय श्रम विभाग का अधिकारी सदस्य

7 जिला पंचायत राज अधिकारी सदस्य

8 वित्त एंव लेखाधिकारी (कार्यालय बे0 शि0 अ0) सदस्य

9 स्वैच्छिक संगठनों के दो प्रतिनिधि सदस्य

(जिलाधिकारी द्वारा नामित)

ग्राम शिक्षा समिति की भूमिका–

प्रस्तावित शिक्षा गारंटी/वैकल्पिक शिक्षा योजना (ई0 जी0 एस0/ए0 आई0 ई0) के लियें ग्राम शिक्षा समिति के निम्नलिखित कर्त्तव्य एवं दायित्व प्रस्तावित है ।

6–14 वय वर्ग के विद्यालय न जाने वाले बच्चो की माइक्रोप्लानिंग के आधार पर सर्वेक्षण कर उन्हे चिन्हित करना ।

- कार्यक्रमो के संचालन हेतु वातावरण सृजित करना ।
- अनुदेशकों का चयन करना ।
- केन्द्रो का समय निर्धारित करना ।
- केन्द्रो की साज–सज्जा हेतु शिक्षण सामग्री का बाजार मूल्यो पर नियमानुसार क्रय कर केन्द्रो का संचालन हेतु अनुदेशको को उपलब्ध कराना ।
- अनुदेशको को प्रशिक्षणोपरान्त ही केन्द्र का दायित्व सौपना ।
- अनुदेशको की उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति एंव केन्द्र का प्रबन्धन एंव प्रतिदिन निरीक्षण करना ।
- केन्द्रो में पढने वाले बच्चो को औपचारिक विद्यालयों में प्रवेश कराने के लिये लगातार प्रोत्साहित करना ।
- नियमित रुप से अनुदेश के मानदेय का भुगतान करना ।

विकास खण्ड स्तरीय समिति की भूमिका–

कार्यक्रम को राफल बनाने के लिए विकासखण्ड स्तर पर समिति की निम्न भूमिका प्रस्तावित है ।

- ग्राम शिक्षा समिति से प्राप्त प्ररतावों को संकलित करना ।
- ग्रामीण क्षेत्रों की माइक्रोप्लानिंग कराना, समीक्षा करना तथा प्रस्तावों को तैयार करना ।
- कलस्टर रिसोर्स पर्सन/न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र समन्वयक की सहायता से केन्द्रों/शिविरों का भ्रमण एंव पर्याप्त पर्यवेक्षण/अनुक्षण की व्यवस्था करना ।
- जनपद एंव विकास खण्ड स्तर पर उपलब्ध सन्दर्भदाताओं की सहायता से प्रशिक्षण केन्द्र आयोजित कराना

जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति के प्रमुख कर्तव्य एंव दायित्व :–

जनपद में सफल (ई0 जी0 एस0 और ए0 आई0 ई0) हेतु जिला शिक्षा सलाहकार समिति को निम्नांकित दायित्व प्रस्तावित है ।

शिक्षा गारंटी/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र एंव नवाचार शिक्षा हेतु सम्पूर्ण जनपद में माइक्रोप्लानिंग कर आवश्यकतानुसार अपवंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने हेतु विभिन्न योजनाओं के प्रस्तावो को ग्राम स्तर/विकास खण्ड स्तर से तैयार करा कर जिला स्तर पर प्रतिमाह समीक्षा करना ।

केन्द्र/ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन क्षेत्राविशिष्ट सेमिनार/शिविर के प्रस्ताव को स्टेट सोसाइटी को प्रस्तुत करना ।

कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कराना।

अन्य विभागीय अधिकारियों एंव प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कर बवदअमतहमदबम कार्यक्रमों का संचालन करना ।

कार्यक्रमों का नियमित अनुश्रवण करना एंव प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशलाओं का आयोजन करना।

स्टेट सोसाइटी द्वारा उपलब्ध करायी गयी मदवार धनराशियों को विकास खण्ड स्तरीय समितियों के माध्यम से ग्राम शिक्षा समिति अथवा स्वैच्छिक संगठनों के कार्यक्रमों से संचालनार्थ अग्रिम रुप में उपलब्ध कराना ।

अनुदेशक चयनः–

अनुदेशक यथासम्भव उसी स्थान एंव समुदाय का होगा जहां पर शिक्षा गांरटी केंन्द्र/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र स्थापित किया जाना है । उसी ग्राम का अर्ह व्यक्ति न मिलने पर बिल्कुल निकट के गॉव का व्यक्ति आवेदन कर सकता है ।

अनुदेशक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल होगी । इस हेतु महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। अनुदेशक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी । अनुदेशक का चयन ग्राम शिक्षा समिति द्वारा आवेदन प्राप्त करके हाईस्कूल परीक्षा के अंको को प्रतिशत को ध्यान में रखते हुय वरिष्ठता के आधार पर किया जायेगा। तत्पश्चात् अनुदेशक को आमन्त्रण पत्र आदेश ग्राम शिक्षा समिति द्वारा निर्गत किया जायेगा । किसी अनुदेशक का कार्य संतोषजनक न होने की स्थिति में ग्राम शिक्षा समिति की 2/3 बहुमत से प्रस्ताव करके अनुदेशक को हटाया जा सकता हैं । ग्राम शिक्षा समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा ।

नगरक्षेत्र में खोले जाने वाले वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में अनुदेशक का चयन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी, शिक्षा अधीक्षक नगरक्षेत्र, सभासद सम्बन्धित वार्ड एंव नगर क्षेत्र के वरिष्ठतम प्रधानाध्यापक/शिक्षक की संयुक्त समिति द्वारा किया जायेगा ।

आवश्यकतानुसार मकतव/मदरसों में शिक्षण कार्य करने वाले मौलवी अथवा हाफिज द्वारा अनुदेशक हेतु शैक्षिक अर्हता रखने वाले तथा शिक्षण कार्य करने के इच्छुक होने की स्थिति में मकतवो/मदरसों में संचालित होने वाले केन्द्रों को प्राथमिकता दी जायेगी अन्यथा सम्बधित मकतव की प्रबन्ध समिति द्वारा अर्ह व्यक्ति जिसकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम न हो को मकतवों में संचालित होने वाले केन्द्रों में अनुदेशक के रुप में चयनित कर शिक्षण कार्य हेतु आमन्त्रित किया जायेगा ।

ग्राम शिक्षा समितियों को यह प्रचारित करना होगा कि स्थानीय जनसमुदाय के अनुदेशक की आवश्यकता एंव उसके चयन के सम्बन्ध में जानकारी हो गयी है। ग्राम शिक्षा समिति सम्बन्धित अनुदेशक हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विश्लेषण कर उपयुक्त व्यक्तियों की सूची बनायी जायेगी ।चयन प्रकिया में लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार को भी यदि आवश्यक हुआ तो सम्मलित किया जायेगा । उच्च प्राथमिक स्तर के केन्द्रों के लिये अनुदेशक की न्यूयनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक तथा न्यूनतम आयु 21 वर्ष की होगी । जहॉ पर स्नातक अभ्यार्थी उपलब्ध न हो वहां पर इण्टरगीडिएट उत्तीर्ण महिला अभ्यार्थी का चयन किया जा सकता है

अनुदेशक के चयन के सम्बन्ध में अनुदेशक एंव ग्राम शिक्षा समिति के मध्य एक संविदा प्रपत्र भरा जायेगा जो निर्धारित प्रारुप पर एनेक्चर के साथ सलंग्न किया जायेगा ।

बहुमत से प्रस्ताव करके अनुदेशक को हटाया जा सकता है। ग्राम शिक्षा समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा ।

नगरक्षेत्र में खोले जाने वाले वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो में अनुदेशक का चयन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/विशैषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी, शिक्षा अधीक्षक नगरक्षेत्र,सभासद सम्बन्धित वार्ड एंव नगर क्षेत्र के वरिष्ठतम प्रधानाध्यापक/शिक्षक की संयुक्त समिति द्वारा किया जायेगा ।

आवश्यकतानुसार मकतव/मदरसों में शिक्षण कार्य करने वाले मौलवी अथवा हाफिज द्वारा अनुदेशक हेतु शैक्षिक योग्यता रखने वाले तथा शिक्षण कार्य करने के इच्छुक होने की स्थिति में मकतवों/मदरसों में संचालित होने वाले केन्द्रो को प्राथमिकता दी जायेगी अन्यथा सम्बंधित मकतव की प्रबन्ध समिति द्वारा अर्ह व्यक्ति जिसकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम न हो , को मकतवों में संचालित होने वाले केन्द्रों में अनुदेशक के रुप में चयनित कर शिक्षण कार्य हेतु आमन्त्रित किया जायेगा ।

ग्राम शिक्षा समितियों को यह प्रचारित करना होगा कि स्थानीय जनसमुदाय के अनुदेशक की आवश्यकता एंव उसके चयन के सम्बन्ध में जानकारी हो गयी है । ग्राम शिक्षा समिति सम्बन्धित अनुदेशक हेतु प्राप्त आवेदन पत्रो का विश्लेषण कर उपयुक्त व्यक्तियों की सूची बनायी जायेगी । चयन प्रकिया में लिखित परीक्षा तथा साक्षातकार को भी यदि आवश्यक हुआ तो सम्मलित किया जायेगा ।उच्च प्राथमिक स्तर के केन्द्रों के लिए अनुदेशक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक तथा न्यूनतम आयु 21 वर्ष की होगी। जहां पर स्नातक अभ्यार्थी उपलब्ध न हो वहां पर इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण महिला अभ्यार्थी का चयन किया जा सकता है ।

अनुदेशक के चयन के सम्बन्ध में अनुदेशक एंव ग्राम शिक्षा समिति के मध्य एक संविदा प्रपत्र भरा जायेगा जो निर्धारित प्रारुप पर एनेक्चर के साथ सलंगन किया जायेगा ।

नुदेशक का प्रशिक्षणः–

अनुदेशक का 30 दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान अथवा ब्लाक रिसोर्स सेंटर पर आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक चयनित अनुदेशक का एक माह का प्रशिक्षण का जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान द्वारा डायट के प्रवक्ताओं,सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/एस0 डी0 आई0/ब्लाक प्रोग्राम आफीसर/ ब्लाक रिसोर्स पर्सन तथा योग्य अध्यापक, संदर्भ व्यक्तियों के माध्यम से कराया जायेगा । प्रशिक्षण हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा रु0

1500/– प्रति अनुदेशक की दर से धनराशि जिला शिक्षा और प्रशिक्षण को उपलब्ध कराया जायेगा । प्रशिक्षण अवधि में अनुदेशक को मानदेय के रुप में कोई धनराशि देय नहीं होगी ।

अनुदेशक मानदेय वितरण :–

वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो के प्रारम्भ होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुदेशक को मान देय की धनराशि रु0 1000/– प्रति अनुदेशक की दीर से सम्बन्धित ग्राम शिक्षा समिति के संयुक्त खाते में स्थानान्तरित कर दी जायेगी । जिसे अध्यक्ष एंव सचिव ग्राम शिक्षा समिति द्वारा अनुदेशक को चैक के माध्यम से माह के प्रथम सप्ताह में अनिवार्य रुप से उपलब्ध करा दिया जायेगा । मानदेय की एक बार में 6 माह की अग्रिम धनराशि ग्राम शिक्षा समिति के खातों में स्थानान्तरित कर दी जायेगी ।

नगर क्षेत्र में संचालित वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो के अनुदेशक के मानदेय का भुगतान शिक्षा अधीक्षक नगर/प्रोग्राम आफीसर/प्रोग्राम पर्सन एंव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त रुप से अनुदेशक के संतोष जनक कार्य किये जाने पर किया जायेगा । इस प्रकार की धनराशि कार्यक्रम से सम्बन्धित अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी । यह धनराशि नगरक्षेत्र के सम्बन्धित सभासद/प्रधानाध्यापक के संयुक्त खातें में स्थानान्तरित की जायेगी तत्पश्चात् चैक द्वारा अनुदेशक को भुगतान किया जायेगा ।

पर्यवेक्षण :–

शिक्षा गारंटी एंव वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो के सफल संचालन हेतु अकादमिक सहयोग एवं नियमित पर्यवेक्षण का कार्य सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/एस0 डी0 आई0 /ब्लाक प्रोग्राम आफीसर/ब्लाक रिसोर्स पर्सन/ब्लाक रिसोर्स सैक्टर/न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों के प्रभारियों द्वारा किया जायेगा/नगर क्षेत्र में यह कार्य शिक्षा अधीक्षक/नगर प्रोग्राम आफीसर/नगर रिसोर्स पर्सन/सहायक शिक्षा अधीक्षक/जनपद नगरीय अधिकारियों द्वारा किया जाऐगा। न्याय

पंचायत संसाधन – केन्द्र प्रभारी/बी0 आर0 सी0 प्रभारी द्वारा अनुदेशको की वार्षिक बैठकें भी ली जायेंगी । जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/उप बेसिक शिक्षा अधिकारी ब्लाक आफीसर/रिसोसर्स पर्सन/सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी भी समय समय पर इन बैठकों में अनुश्रवण करेगें । निकटस्थ प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों एंव अध्यापकों का भी यह कर्तव्य होगा कि वे लगातार इन केन्द्रो का पर्यवेक्षण करते रहेंगे । न केवल ग्राम शिक्षा समिति अपितु विकास खण्ड स्तरीय समिति के पदाधिकारीयों को अपनी आख्याओं से अवगत कराते रहेंगे ।

ग्राम शिक्षा समिति भी नियमित रुप से इन केन्द्रों के संचालन पर नजर रखेगी और समय–समय पर अपने सुझाव अनुदेशक/अनुदेशिका को देगी । डायट में डी0 आर0 यू0 प्रभारी एंव उनके अधीनस्थ सभी अभिकर्मी भी इन केन्द्रो का नियमित पर्यवेक्षण करेगें । पर्यवेक्षण का कार्य उपरोक्त सभी अधिकारीयों द्वारा एक रोस्टर प्रणाली के द्वारा किया जायेगा ताकि सार्वभौमिक पर्यवेक्षण सुनिश्चित हो सकें ।

निःशुल्क शिक्षण सामग्री :–

प्रत्येक शिक्षा केन्द्र को साज–सज्जा एंव शिक्षण सामग्री हेतु धनराशि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा ग्राम शिक्षा समिति के खाते में सीधे सीन्तरित की जायेगी । ग्राम शिक्षा समिति द्वारा निर्धारित सामग्री बाजार मूल्य पर नियमानुसार कय करके सीधे केन्द्र अनुदेशकों को उपलब्ध करायी जायेगी । शिक्षा केन्द्रों पर नामांकित सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/ग्राम शिक्षा समिति द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी तथा इस धनराशि का समायोजन शिक्षण सामग्री मद (रु0 845/– प्राथमिक तथा 1200/– उच्च प्राथमिक) से किया जायेगा । शिक्षण सामग्री मद का 5 प्रतिशत राज्य/जनपदीय प्रबन्धन हेतु कय किया जायेगा ।

शिक्षा गारंटी/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में राज्य, सरकार द्वारा अनुमोदित औपचारिक शिक्षा की पाठ्य पुस्तके ही सम्प्रति उपयोग में लाई जायेगी !

छात्र–छात्राओं का मूल्यांकन :–

अनुदेशक द्वारा वैकल्पिक एंव शिक्षा गारंटी केन्द्रों में पढनें वालें बच्चों का सतत् एंव नियमित मूल्यांकन किया जायेगा । इसके लिये अनुदेशक द्वारा दैनिक डायरी तैयार की जायेगी । बच्चों का तिमाही, छमाही, वार्षिक मूल्यांकन गौखिक तथा लिखित परीक्षा के आधर पर किया जायेगा । तथा यह प्रयास किया जायेगा की वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो में पढने वाला प्रत्येक बच्चा शीघ्र औपचारिक विद्यालय की मुख्य धारा की उपयुक्त कक्षा में जिसकें लिये वह योग्य हो, किसी भी समय प्रवेश पा जायें। अनुदेशक का यह दायित्व होगा कि उनके केन्द्र पर पढने वाले बच्चे शीघ्र अति शीघ्र एंव अधिक से अधिक संख्या में शिक्षा की मुख्य धारा की उपयुक्त कक्षा में प्रवेश पाते रहें । इसी परिपेक्ष्य में अनुदेशक का मूल्यांकन भी ग्राम शिक्षा समिति/विकास खण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा ।

अनुदेशको से बच्चों के अध्ययनरत अवधि में उनकें व्यावहारिक स्तर में आये सुधार से अभिभावको एंव ग्राम शिक्षा समिति को लगातार अवगत कराया जायेगा । केन्द्रो में अध्यनरत बच्चें जो कक्षा 5 हेतु निर्धारित पाठ्य क्रम पूर्ण कर लेगें, उनकी वार्षिक परीक्षा बेसिक शिक्षा परिषद् उ0 प्र0 द्वारा निर्धारित परीक्षा प्रणाली के आधार पर निकट के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा करायी जायेगी ।

प्रबन्धन लागत :–

उक्त केन्द्रों की अधिकतम लागत में 5 प्रतिशत राज्य एंव जिला/विकास खण्ड स्तर पर प्रशासनिक/प्रबंधन पर होने वाला व्यय भी सम्मिलित हैं ।

विकास खण्ड स्तर पर प्रबंधन की अधिकतम लागत निम्नवत् रखी जायेगी ।

तालिका–7.8

80–100 केन्द्रों के मध्य	2०50 लाख रु0 प्रति वर्ष
50–80 केन्द्रों के मध्य	2०00 लाख रु0 प्रति वर्ष
25–50 केन्द्रों के मध्य	1०5 लाख रु0 प्रति वर्ष
25 केन्द्रों के कम	रु0 100०२0 प्रति छात्र/छात्रा प्रति वर्ष

अध्याय –8

ठहराव में वृद्धि

प्रथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण की लक्ष्य प्राप्ति में अबतक के अनुभवों के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि बालक बालिकाओं का विद्यालय में पंजीकरण तो हों जाता है कतिपय कारणों से ठहराव में वृद्धि न होने के कारण ड्राप आउट की समस्या आती हैं । सर्व शिक्षा अभियान में ठहराव में वृद्धि के लिये प्रयास किये जा रहें है, जिनमें मुख्य प्रयास निम्नलिखित हैं । तालिका–8.1

क्रम सं0	सुविधा का नाम	प्राथमिक स्तर	उच्च प्राथमिक स्तर
1	विद्यालय पुनर्निमाण	45	20
2	अतिरिक्त कक्षा कक्ष	150	15
3	पेयजल सुविधा	30	15
4	शौचालय	150	62
5	चहारदीवारी	–	–

निर्माण कार्य :—जनपद में 11 प्राथमिक विद्यालय वर्ष 2003–04 में संचालित किये जायेंगे तथा 13 उच्च प्राथमिक विद्यालया वर्ष 2002–03 में निर्माण हों रहे हैं तथा वर्ष 2003–04 के 25 उच्च प्राथमिक विद्यालय शीघ्र ही निर्मित करा कर संचालित किये जायेंगे ।पूर्व में डी0 पी0 ई0 पी0 द्वारा 328 अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण कराया गया । जनपद में वर्ष

2004–05 से 2006–07 तक 45 प्राथमिक जर्जर विद्यालयों का पुनर्निर्माण 20 उच्च प्राथमिक जर्जर विद्यालयों का पुनर्निर्माण कराया जायेगा प्राथमिक स्तर पर छात्रों की संख्या में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए 150 अधिक कक्षा कक्ष तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 15 अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण कराया जायेगा 30 प्राथमिक विद्यालयों में तथा 15 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पेयजल सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी प्राथमिक विद्यालयों में 150 शौचालय,तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 62 शोचालय बनवाये जायेंगे ।

अतिरिक्त शिक्षको की आवश्यकता:–

सर्व शिक्षा अभियान में 2003 तक प्राथमिक विद्यालयों में शतप्रतिशत नामांकन तथा 2007 तक ड्रापाउट दर 0 करने के लिये 40 :1 के छात्र–अध्यापक अनुपात पर अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता होगी । जों निम्न सारणी में दी गयी है

प्राथमिक विद्यालयों में अतिरिक्त अध्यापकों की गणना

(वर्ष 2001–2007 तक

वर्ष	नामांकन	प्राभावी परीषदीय	सृजित पद (1845)			
	परीषदीय	नमांकन	40:1 कें आधार पर आवश्यकता			
					एस.एस.ए. में प्रस्तावित	
					अध्यापक	शिक्षा मित्र
				.....	.....	.....

2003–04		82212	1845	196	2041	2055	14	7	7
2004–05	82544	84267	1852	203	2055	2107	52	26	26
2005–06	84612	86374	1878	229	2107	2159	52	26	26
2006–07	87426	88533	1904	225	2159	2213	54	27	27
					–	–			
					–	–			
					–	–			

उक्त तालिका के अनुसार विद्यालयों में अध्यापकों एवं शिक्षा मित्रों की तैनाती की जायेगी ।

प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की वर्तमान स्थिति एवं आगामी वर्षो में शिक्षकों की आवश्यकता

क0सं0	वर्ष	परिषदीय कुल नामांकित बच्चे	वर्तमान शिक्षक		योग (3+4)	40:1 दर से शिक्षक	आवश्यक शिक्षक एस. एस.ए. में प्रस्तावित
	1	2	3	4	5	6	7
